इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक भाई बुद्धदेव




वर्ष- 45 अंक - 104 राजनांदगांव रविवार 01 मार्च 2026 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

# तेहरान समेत 10 शहरों पर हमला, इजराइली हमलों में रक्षामंत्री की मौत, ईरान ने दागीं 400 मिसाइलें

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में तनाव अब एक पूर्ण विकसित युद्ध में तब्दील हो चुका है। शनिवार सुबह इजराइल और अमेरिका ने संयुक्त सैन्य कार्रवाई करते हुए ईरान की राजधानी तेहरान समेत 10 प्रमुख शहरों पर भीषण हवाई हमले किए। इस ऑपरेशन को इजराइल ने 'लियोनस् रोर' नाम दिया है, जिसके तहत ईरानी सुप्रीम लीडर के दफ्तर और परमाणु केंद्रों को निशाना बनाया गया।



### ईरानी रक्षामंत्री और आईआरजीसी कमांडर के मारे जाने की खबर

सूत्रों के हवाले से एक बड़ा दावा किया है कि इजराइली हमलों में ईरान के रक्षामंत्री अमीर नासिरजादेह और रिवॉल्यूशनरी गार्ड्स (आईआरजीसी) के कमांडर मोहम्मद पाकपोर की मौत हो गई है। हालांकि, ईरान की ओर से अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है। इसके अतिरिक्त, ईरानी मीडिया के अनुसार दक्षिण ईरान के एक स्कूल पर मिसाइल गिरने से 40 छात्रों की मौत हो गई है, जबकि 45 अन्य घायल हुए हैं।

### अमेरिका का पक्ष- 'नागरिकों की रक्षा के लिए किया हमला'

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस हमले के बाद बयान दिया है। उन्होंने कहा कि, ईरान पर यह सैन्य कार्रवाई अमेरिकी नागरिकों की रक्षा के लिए की गई है। इससे पहले बुधवार को ट्रंप ने संसद में चेतावनी दी थी कि ईरान ऐसी मिसाइलें विकसित कर रहा है जो सीधे अमेरिका तक मार कर सकती हैं, और वार्ता विफल होने पर सैन्य विकल्प खुला है। हमले से ठीक पहले शुक्रवार को अमेरिका ने अपने नागरिकों को तुरंत इजराइल छोड़ने का आदेश भी दिया था।

### ईरान का पलटवार : अमेरिकी बेस और इजराइल पर बरसीं मिसाइलें

इजराइल के इस 'प्रिवेंटिव अटैक' के जवाब में ईरान ने भी बड़े पैमाने पर सैन्य कार्रवाई शुरू कर दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ईरान ने जवाबी कार्रवाई करते हुए इजराइल पर करीब 400 मिसाइलें दागी हैं। इतना ही नहीं, ईरान ने कतर, बहरीन और यूएई में स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकानों को भी अपना निशाना बनाया है। इस जवाबी हमले के बाद पूरे क्षेत्र में सायरन बज रहे हैं और युद्ध के और अधिक विनाशकारी होने की आशंका बढ़ गई है।

### जयशंकर ने ईरान और इस्राइल के विदेश मंत्रियों से फोन पर की बात

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच भारत ने कूटनीतिक स्तर पर सक्रिय पहल तेज कर दी है। भारतीय विदेश मंत्री ने ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची से टेलीफोन पर बातचीत कर क्षेत्र में हालिया घटनाक्रम को लेकर गहरी चिंता जताई। इसके अलावा भारतीय विदेश मंत्री ने इस्राइल के विदेश मंत्री गिडियन सार से भी बातचीत की। भारत ने दोनों पक्षों से संयम बरतने, संवाद बढ़ाने और कूटनीतिक रास्ते से तनाव कम करने की अपील दोहराई। भारत ने स्पष्ट किया कि क्षेत्रीय स्थिरता और नागरिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

### इजराइल में इमरजेंसी : स्कूल और हवाई सीमाएं पूरी तरह बंद

ईरान की ओर से मिसाइल और ड्रोन हमलों की चेतावनी के बाद इजराइल के रक्षा मंत्री ने पूरे देश में 'विशेष और स्थायी आपातकाल' की स्थिति घोषित कर दी है। सुरक्षा के मद्देनजर इजराइल में सभी स्कूलों को बंद कर दिया गया है और हवाई सीमा को भी पूरी तरह सील कर दिया गया है। मेहराबाद एयरपोर्ट समेत कई इलाकों में धमाकों की आवाज सुनी गई है, जिसके चलते नागरिकों को घरों के भीतर या सुरक्षित शेल्टरों में रहने की सख्त हिदायत दी गई है। इज़राइल और संयुक्त राज्य अमेरिका (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# सौम्या चौरसिया को शराब घोटाले में हाईकोर्ट ने दी जमानत, 45 दिन बाद होगी जेल से रिहाई

बिलासपुर। शराब घोटाले मामले में गिरफ्तार सौम्या चौरसिया को हाईकोर्ट से बडी राहत मिली है। शनिवार को हाईकोर्ट ने सौम्या चौरसिया की जमानत याचिका मंजूर कर ली है। जमानत मिलने के बाद भी 45 दिन तक सौम्या को पड़ेगा जेल में रहना पड़ेगा। एसीबी/ ईओडब्ल्यू मामले में रायपुर के विशेष न्यायालय में चार्जशीट होगा पेश। हाईकोर्ट जस्टिस अरविंद कुमार वर्मा के सिंगल बेंच ने सौम्या, ईडी और एसीबी/ ईओडब्ल्यू सभी की दलीलों और तर्कों को सुनने के बाद मंगलवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। आज मामले में हाईकोर्ट से फैसला आया है, जिसमें हाईकोर्ट ने सौम्या चौरसिया को ईडी के मामले में हाईकोर्ट के फैसले से तत्काल रिहाई की मंजूरी है। एसीबी/ ईओडब्ल्यू के प्रकरण पर सौम्या की रिहाई विशेष न्यायालय रायपुर में चार्जशीट प्रस्तुत करने के बाद ही होगी। इससे माना जा सकता है कि सौम्या को अभी फिलहाल कुछ दिन और जेल में ही रहना पड़ेगा।



### दो महीने पहले हुई थी गिरफ्तारी

उल्लेखनीय है कि, दो महीने पहले ईडी ने पूर्व सीएम भूपेश बघेल की उप सचिव रही सौम्या चौरसिया को गिरफ्तार किया था। सौम्या चौरसिया को पूछताछ के लिए रायपुर बुलाया गया था, जिसके बाद उनकी गिरफ्तारी कर ली गई थी। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# होली पर किसानों को करोड़ों की सौगात : साय सरकार ने निभाया वादा

रायपुर(दावा)। छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने होली से पूर्व प्रदेश के 25 लाख से ज्यादा किसानों को धान विक्रय मूल्य की अंतर राशि का एक साथ और एकमुश्त भुगतान करने के राज्य सरकार की पहल का स्वागत किया। श्री देव ने कहा कि, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने किसानों के हित में ऐतिहासिक कदम उठाया है। श्री देव ने शनिवार को यहाँ मीडिया से चर्चा के दौरान इसे किसानों के लिए होली का एक ब?ा उपहार बताते हुए कहा कि, सरकार ने होली से पहले भुगतान करने का अपना वादा पूरा किया है।



**किरण देव बोले- भाजपा जो कहती है, वह करती है**

### किसानों के हित में भाजपा सरकार

भाजपा प्रदेश किरण देव ने अंतर राशि प्राप्त करने वाले सभी किसान भाइयों को बधाई दी और कहा कि, भाजपा जो कहती है, वह करती है। प्रदेश सरकार का यह निर्णय मोदी की गारंटी और साय सरकार के सुशासन का प्रतीक है। मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में प्रदेश की भाजपा सरकार किसानों के हित में अनेक योजनाओं व कार्यक्रमों पर अमल कर रही है, जिनसे किसानों की सर्वतोमुखी उन्नति व खुशहाली के द्वार खुल रहे हैं। श्री देव ने विश्वास दिलाया कि, सीएम साय के नेतृत्व वाली सरकार निरंतर किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण और ग्रामीण विकास के लिए कार्य करती रहेगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कांग्रेस द्वारा बिलासपुर क्षेत्र पर विशेष ध्यान देने के आरोपों के मद्देनजर पलटवार कर विपक्ष पर निशाना साधा और कहा कि, भाजपा सरकार बस्तर से लेकर सरगुजा तक, पूरे छत्तीसगढ़ के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। श्री देव ने तंज कसते हुए कहा कि, जब बस्तर में विकास होता है या सरगुजा में कार्यक्रम होते हैं, तब भी विपक्ष को आपत्ति होती है, जो उनकी नकारात्मक राजनीति को दर्शाता है।

# रायपुर में ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा गिरोह का भंडाफोड़ : 6 गिरफ्तार, 92 लाख का माल जब्त

रायपुर (दावा)। राजधानी पुलिस ने ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा चलाने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बीती रात गंज थाना क्षेत्र के नागोराव गली अंडरब्रिज के पास की गई इस कार्रवाई में पुलिस ने आरोपियों के पास से 37.50 लाख रुपए नगद और 3 लग्जरी कारों समेत कुल 92.50 लाख रुपए की संपत्ति जब्त की है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि अंडरब्रिज के पास खड़ी महिंद्रा थार और नेक्सा कारों में सवार कुछ लोग मोबाइल के जरिए ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा खिला रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने घेराबंदी की और मौके से 6 आरोपियों को रंगे हाथों धर दबोचा। तलाशी के दौरान कारों के भीतर से भारी मात्रा में कैश और मोबाइल बरामद हुए। जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी https:/ www.google.com/ search?q=Laserbet|||.com और https:// www.google.com/search?q =Classic|||.com जैसी अवैध वेबसाइटों के जरिए मास्टर आईडी बनाकर सट्टे का काला कारोबार चला रहे थे। पुलिस द्वारा दस्तावेज मांगे जाने पर आरोपी कोई भी वैध कागज पेश नहीं कर सके। (शेष पृष्ठ 6 पर...)



**37.50 लाख रुपए कैश और 3 लग्जरी कारों के साथ दबोचे गए सटोरिए; गंज थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई**



# चिखली ओवरब्रिज की सड़क जर्जर, लाईटें बंद, संकेतक तक नहीं लगाए गए, कांग्रेस ने पीडब्लूडी को घेरा

राजनांदगांव। उत्तर व दक्षिण ब्लाक कांग्रेस कमेटी ने जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार के निर्देश पर संयुक्त रुप से शनिवार को चिखली ओवरब्रिज और अन्य सड़कों की दुर्दशा को लेकर लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता को ज्ञापन सौंपा।

ब्लाक अध्यक्षद्वय चेतन भानुशाली और लक्ष्मण साहू ने संयुक्त रुप से कहा कि बीते चिखली ओवरब्रिज की हालत बेहद खराब है। डिवाईडर बनाए जाने से सड़क संकरी हो गई है। इसके बाद डिवाईडर कई जगहों पर टूट गए हैं। ईंट बिखरे पड़े हैं। यहां की सभी लाईटें बंद पड़ी है। सड़क में कहीं कोई संकेतक भी नहीं लगाए गए हैं। सड़क भी खराब है। इस रास्ते में चल पाना भी लोगों के दूभर हो चुका है। वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। उन्होंने तत्काल यहां डिवाईडर और सड़क की मरम्मत किए जाने और लाईटों को चालू करने की मांग की।



उत्तर व दक्षिण ब्लाक कांग्रेस कमेटी ने सौंपा ज्ञापन

अध्यक्षों ने कहा कि शहर में लोक निर्माण विभाग के कई रास्तों का यही हाल है। लखोली से कन्हारपुरी मार्ग की स्थिति भी ऐसी ही है। भारी वाहनों की आवाजाही से यह और जर्जर हो चुकी है। लखोली ओवरब्रिज से लेकर कन्हारपुरी तक तो सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। इसी तरह डोंगरगढ़ जाने वाले वार्ड एक बजरंगपुर-नवांगांव मार्ग और शहर के अन्य विभिन्न सड़कों की बुरी स्थिति को लेकर प्रदर्शन करते हुए कांग्रेसियों ने आक्रोश व्यक्त किया।

चेतन भानुशाली ने कहा भाजपा विकास के बड़े-बड़े दावे करने में मशगुल है और यहां शहर की सड़कें ही लोगों को बेहाल कर रही हैं। पेंड्री से रायपुर नाका की ओर जाने वाले बाईपास की स्थिति ऐसी है कि यहां दो पहिया वाहन चला पाना भी मुश्किल है। ऐसी जर्जर सड़कें ही दुर्घटनाओं का कारण भी बनती है।

लक्ष्मण साहू ने कहा कि सड़कों की मरम्मत, निर्माण का कार्य एक माह के भीतर अगर शुरु नहीं किया जाएगा तो कांग्रेस हर जर्जर सड़क पर इसका जिम्मेदार लोक निर्माण विभाग और भाजपा सरकार को बताने वाले बोर्ड लगाएगा।

इस दौरान मामराज अग्रवाल, अशोक पंजवानी, पार्षद राजा तिवारी, पिंकू खान, कादिर कुरैशी, जय जायसवाल, वीरेंद्र चंद्राकर, लोकू यादव, निलेश ठावरे, गोलू नायक, अभिषेक सिंह, रोकेश चंद्राकर, हिमालय बन्दे, शत्रु पासवान, राहुल यादव सहित अन्य कांग्रेसी मौजूद थे।

# पुरानी गंज मंडी में 150 सालों से चली आ रही होली का उत्सव पर खास तैयारी





राजनांदगांव (दावा)। 150 साल से चली आ रही परंपरागत होली का उत्सव इस वर्ष भी पुरानी गंज मंडी बालाजी परिसर में धूमधाम से मनाई जाएगी समिति के सदस्यों ने इसकी तैयारी जोर शोर के साथ शुरू कर दी है। बताया जाता है कि, बालाजी मंदिर परिसर में होली का उत्सव राजवाड़ा के समय से परंपरागत तरिके से विधि विधान के साथ मनाई जाती है शुभ मुहूर्त में ही होलिका दहन किया जाता है।

सिद्धपीठ बालाजी महाराज मंदिर व बाल समाज परिवार के साथ होलीका उत्सव समिति के अध्यक्ष मनीष खंडेलवाल सयोजक दामू भूतड़ा श्री बालाजी मंदिर के महाराज हनुमान प्रसाद ने बताया कि इस वर्ष ग्रहण की वजह से होली का दहन तीन तारीख मंगलवार की सुबह पहट 5 बजकर 40 मिनट को किया जाएगा। इसके लिए समिति के सदस्यों ने विशेष तैयारी की है होलिका दहन के पूर्व आकर्षक आतिशबाजी किया जाएगा, उसके बाद आसपास के लोग पूजा सामाग्रियों के साथ होलिका की पूजा करेंगे के साथ हीं मन वांछित कामना करते हैं। महिलाओं द्वारा घर से निर्मित हलवा, पूरी गुलगुले, गोबर के कंडे से बनाई हुई माला को होली पर चढ़ाते हैं, होलीका के अंगारों को घर में ले जाकर पापड़ की सिकाई करते हैं। यहां पुरानी परंपरा है जो अब हर जगह देखने नहीं मिलती है, जिसको पुरानी गंज मंडी समिति के लोगों ने बरकरार रखा हुआ है। इसके पूर्व दो मार्च प्रातः काल से संध्या 5:55 बजे तक ठंडी (डंडा) होली का आयोजन भी रखा गया है, जिसमें सभी श्रद्धालु जनों को उपस्थित होने की अपील समिति के आयोजकों ने की हैं।

# प्रधानमंत्री आवास के लिए बिचौलियों से बचे, पात्र हितग्राही को ही नियमानुसार होगा आबंटन

राजनांदगांव (दावा)। प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक बीएलसी स्वयं के द्वारा आवास निर्माण इस योजना के तहत पात्र हितग्राही को आवास निर्माण करने हेतु 2 लाख 50 हजार रूपये की चरणबद्ध स्तर पर जीओ टेकिंग की स्वीकृति के उपरांत स्पर्श पद्धति से आधार आधारित खाते में चार किस्तो में राशि हितग्राही के खाते सीधे हस्तांतरित की जाती है। इसी संदर्भ में निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने आम जनसाधारण से आव्हन किया है कि अभी लगातार संज्ञान में आ रहा है कि किसी बिचौलिये के द्वारा निकाय क्षेत्र के रहवासियों को लगातार मोबाईल फोन के माध्यम से व्यक्तिगत नाम चिन्हित कर फर्जी कॉल आ रहे है। जिसमें काल करने वाले के खाते में 2 हजार से 5 हजार तक राशि की मांग की जा रही है। आप उनके बताये गए नंबर या क्यूआर कोड में राशि हस्तांतरित करने पर आपको उनके द्वारा आवास स्वीकृति की पूरी राशि प्रदान की जावेगी। इस प्रकार के कॉल पूर्णतः निराधार है। इस कॉल का नगरीय प्रशासन विकास विभाग एवं आवास मंत्रालय का किसी प्रकार का कोई संबंध नही है। इस प्रकार कॉल के नंबर को ब्लाक करे। साथ ही व्यक्तिगत इस संबंध में आनेवाले कॉल के संबंध में शिकायत संबंधित थान क्षेत्र में करवाए।

एएचपी 'मोर आवास मोर चिन्हारी' का मूल उद्देश्य शहर कि चिन्हित झुग्गी बस्ती के रहवासी परिवारों को स्वच्छ सुंदर वातावरण में आवास उपलब्ध कराना है। योजना के क्रियान्वयन के तहत नगर निगम राजनांदगांव द्वारा रेवाडीह, पेन्ड्री, लखोली, मोहारा आदि क्षेत्रों में आवास का निर्माण किया गया है। जहां पात्र हितग्राहियों को नियमानुसार आबंटित किया जा रहा है। अबतक लगभग 650 परिवरों को आवासों का आबंटन किया गया है। इन्ही आवासों में मोर मकान मोर आस योजनांतर्गत भी किरायेदारों को नियमानुसार आवास आबंटित किया जा रहा है, किन्तु कतिपय लोगों के द्वारा आवास दिलाने लोगों से पैसा लेकर प्रलोभन दिया जा रहा है। इस प्रकार के लोगों से बचने नगर निगम आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने नागरिकों से अपील की है कि प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेने नगर निगम में सम्पर्क करे एवं बिचौलियों से बचे। आयुक्त ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक एएचपी 'मोर आवास मोर चिन्हारी' के तहत रेवाडीह, पेन्ड्री, लखोली, मोहारा आदि क्षेत्रों में आवास का निर्माण किया गया है। जहां शहर के चिन्हीत झुग्गी बस्ती के रहवासी परिवारों को एवं वर्षो से किराये के मकान में निवासरत परिवारों को निगम द्वारा प्रक्रिया कर नियमानुसार आबंटन दिया जा रहा है। किन्तु कई बिचौलियों के द्वारा आवास दिलाने के नाम पर लोगों से पैसा उगाही की जा रही है। जिससे लोग निगम में भटक रहे है। उन्होंने हितग्राहियों से कहा है कि इस योजना के संबंध में किसी भी व्यक्ति द्वारा किसी भी प्रकार के प्रलोभन में न आवे और न किसी के द्वारा आवास दिलवाने के प्रलोभन में आकर इस हेतु पैसा देवें। अगर कोई भी आपसे उपरोक्त संबध में पैसे कि मांग करता है तो इसके संबंध में नगर पालिक निगम कार्यालय या प्रधानमंत्री आवास योजना कार्यालय मे तत्काल शिकायत करे एवं संबंधित के विरूद्ध थाना में अपराध दर्ज करावे एवं योजना का लाभ लेने सीधे नगर निगम के प्रधानमंत्री आवास कार्यालय में सम्पर्क करे।

## पहला कॉलम...

### डॉ. रमेश जैन राही का निधन



डोंगरगांव (दावा)। नगर के प्रतिष्ठित कवि एवं सेवानिवृत्त शिक्षक डॉ. रमेश जैन राही उम्र 63 वर्ष का शुक्रवार की सुबह निधन स्वास्थ्यगत कारणों से हो गया है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में नगर के जनप्रतिनिधि, साहित्यकार, प्रबुद्धजन, परिजन और बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल हुए। श्री जैन नगर के वरिष्ठ कांग्रेसी देशराज के अनुज, शिक्षक राहुल जैन राही, रितेश जैन तथा रूपेश जैन के पिता हैं।

### सरस्वती यादव का निधन



राजनांदगांव (दावा)। दीवानपारा निवासी सुश्री सरस्वती यादव जो कि जिला उपाध्यक्ष कोसरिया यादव समाज श्रीमति सुनीता यादव की डेढ़ सास और नगर अध्यक्ष सूरज यादव की मौसी थी। जिनका आज शाम आकस्मिक निधन हो गया है। वे काफी दिनों से अस्वस्थ थीं। उनकी अंत्येष्टि का कार्यक्रम 1 मार्च को किया जाएगा। शव यात्रा सुबह 10:30 बजे दीवानपारा से मुक्तिधाम लखोली के लिए निकाली जाएगी।

### स्वप्निल चौहान का निधन



राजनांदगांव (दावा)। शिक्षक नगर, स्टेशन पारा निवासी स्वप्निल चौहान पिता अमरलाल चौहान उम्र 22 वर्ष का एक अप्रत्याशित दुर्घटना के दौरान निधन हो गया। ज्ञात हो कि स्वप्निल चौहान स्नातक पास आउट होने के पश्चात मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव का कार्य कर रहे थे। दिनांक 26 फरवरी को वे अपने मित्रों के साथ विशाखापटनम के रुसीकोंडा नामक समुद्र तट पर घूमने गए थे। इस दौरान समुद्र की एक खतरनाक लहर उसे समुद्र में खींच ले गई। जिसके चलते उन सभी मित्रों के सामने स्वप्निल चौहान का अप्रत्याशित निधन हो गया। आज 1 मार्च रविवार को प्रातः 10 बजे उसके निज निवास शिक्षक नगर से लखोली नाका स्थित मुक्तिधाम के लिए उनकी अंतिम यात्रा निकाली जाएगी।

### लाइनमैन मानिराव बोरकर सेवानिवृत्त : विभाग ने दी भावभीनी विदाई



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित, राजनांदगांव में पदस्थ लाइनमैन मानिक राव बोरकर अपनी लंबी और गौरवशाली सेवा अवधि पूर्ण कर 28 फरवरी को सेवानिवृत्त हो गए। उनके विदाई समारोह में विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। श्री बोरकर ने अपने सेवाकाल के दौरान प्रदेश के विभिन्न जिलों में अपनी सेवाएं दीं। उनकी कार्य के प्रति लगन और ईमानदारी ही थी कि उन्हें राजनांदगांव के कैलाश नगर जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र में पिछले 5 वर्षों से जिम्मेदारी सौंपी गई थी। विद्युत विभाग जैसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्र में उन्होंने अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन अत्यंत कुशलता के साथ किया। सेवानिवृत्ति के अवसर पर विभागीय उच्चाधिकारियों ने श्री बोरकर के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनकी कर्तव्यनिष्ठा अन्य कर्मचारियों के लिए प्रेरणास्रोत रहेगी। विभाग ने उनके स्वस्थ और सुखद सेवानिवृत्त जीवन की मंगलकामना की है।

# जुआ प्रतिषेध अधिनियम का तीसरा आरोपी भी गिरफ्तार, मोबाइल जब्त कर भेजा जेल

### गौरीशंकर पेट्रोल पंप के पास हुई रेड कार्रवाई का मामला; सिटी कोतवाली पुलिस को मिली सफलता



राजनांदगांव (दावा)। सिटी कोतवाली पुलिस ने थाना प्रभारी नंदकिशोर गौतम के नेतृत्व में जुआं प्रतिषेध अधिनियम के तीसरे आरोपी को धर दबोचा है और उसके पास से मोबाइल जब्त की है तथा उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

थाना प्रभारी श्री गौतम ने बताया कि गत 20 फरवरी को मुखबीर की सूचना पर गौरीशंकर पेट्रोल पम्प के पास घेराबंदी कर रेड कार्यवाही की गई जिसमें अरविंद रंगारी पिता स्व. जगन्नाथ रंगारी उम्र 36 वर्ष निवासी राम नगर पॉवर हाउस को धर दबोचा गया जिससे पूछताछ पर अजय यादव निवासी शांति नगर चिखली एवं आदर्श जैन उर्फ अप्पी जैन निवासी जनता कॉलोनी को सट्टा पट्टी व रकम देना बताया था। जिस पर आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 118/2026 छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 06, एवं 112 बीएनएस कायम कर प्रकरण में जिसने पूछताछ में अजय यादव पिता मोतीलाल यादव उम्र 40 साल निवासी शांति नगर को 20 फरवरी को गिरफतार कर न्यायिक रिमाण्ड में जेल निरूद्ध किया गया है।

### तीसरा आरोपी भी चढ़ा पुलिस के हत्थे

थाना प्रभारी श्री गौतम ने बताया कि प्रकरण में तीसरा आरोपी आदर्श जैन उर्फ अप्पी जैन पिता स्व. नरेन्द्र कुमार जैन उम्र 51 साल पता वार्ड नंबर 31 जनता कॉलोनी को पतासाजी कर पूछताछ किया गया जो अरविंद रंगारी निवासी पॉवर हाउस से सट्टा पट्टी व रकम को अपने मोबाईल में प्राप्त करना स्वीकार किया । जिसके कब्जे से एक नग मोबाईल जप्त कर शुक्रवार 27 फरवरी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया गया जहां से जेल वारंट प्राप्त होने पर उसे जेल दाखिल कर दिया गया है।

# झाड़ के पास छिपाकर रखे देशी शराब पुलिस ने की जब्त

44 पौवा देशी शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल



राजनांदगांव (दावा)। घुमका पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में आरोपी द्वारा झाड़ में छिपा कर रखे गए 44 पौवा देशी शराब जब्त की है। घुमका थाना प्रभारी ने बताया कि 27 फरवरी को संदिग्ध व्यक्ति/स्थल एवं मादक पदार्थ चेकिंग अभियान दौरान मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम कलडबरी दसवां मील में फुडहर झाड के पास अवैध रूप से शराब बिक्री करने हेतु छिपाकर रखा है। थाना घुमका पुलिस मुखबिर के बताये स्थान पर पहुंच कर आरोपी के द्वारा फुडहर झाड के पास छिपाकर रखे बोरी में 44 पौवा सवा शेरा देशी प्लेन शराब को जप्त किया गया। आरोपी हेमंत साहू पिता बिसेलाल साहू उम्र 23 साल निवासी शांतिनगर वार्ड नं 11 पुलिस चौकी चिखली के विरूद्ध अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट घटित करना पाये जाने से विवेचना कार्यवाही में लिया गया आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर शनिवार को न्यायालय पेश किया गया जहां से जेल वारंट प्राप्त होने पर उसे जेल दाखिल कर दिया गया है।

# होली से पहले पुलिस का एक्शन : बसंतपुर पुलिस ने 15 आरोपियों को दबोचा, शराब कोचिया भी गिरफ्तार

राजनांदगांव (दावा)। बसंतपुर पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में 15 आरोपियों को धर दबोचा है वहीं शराब बेचने वाला कोचियों भी उनके हत्थे चढ़ा है।सभी आरोपियों को आबकारी एक्ट के तहत न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।



एसपी अंकिता शर्मा के निर्देश पर चला विशेष अभियान; सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों पर गिरी गाज

बसंतपुर थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि रंगों के पर्व होली को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए जाने हेतु पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत अवैध शराब कोचिया, असामाजिक तत्वों एवं सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन करने वालों के विरुद्ध 28 फरवरी को व्यापक कार्यवाही की गई। उन्होंने बताया कि मुखबिर सूचना पर बायपास मोहरा के पास अवैध रूप से शराब बिक्री करते पाए जाने पर आरोपी पप्पू साहू, पिता संतोष साहू, उम्र 18 वर्ष 08 दिन, निवासी दुर्गा चौक लखोली के कब्जे से 30 पौवा देशी मदिरा मसाला शराब जप्त कर अपराध क्रमांक 103/2026 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। वहीं पुलिस के हत्थे चढ़े आरोपियों के विरुद्ध धारा 36(सी) एवं 36(च) आबकारी एक्ट) के तहत कार्रवाई की गई जिसमें मोहारा बायपास एवं विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने-पिलाने तथा आम स्थान पर शराब सेवन करते,- खिलेश्वर उर्फ सोनू रजक, पिता रामनाथ रजक, उम्र 26 वर्ष, निवासी लखोली, ढीमर, पिता स्व. चैन सिंह ढीमर, उम्र 45 वर्ष, निवासी चौखडियापारा, ऋषभ यादव, पिता ताराचंद यादव, उम्र 26 वर्ष, निवासी नंदई, उत्तम भोजवानी, पिता स्व. सेवाराम भोजवानी, उम्र 32 वर्ष, निवासी चौखडियापारा, सुभाष साहू, पिता नारायण साहू, उम्र 36 वर्ष, निवासी इंदिरा नगर,संस्कार खुराना, पिता अरविन्द खुराना, उम्र 26 वर्ष, निवासी इंदिरा नगर, दुलीचंद वर्मा, पिता ताराचंद वर्मा, उम्र 37 वर्ष, निवासी इंदिरा नगर,दशरथ ढीमर, पिता विजय ढीमर, उम्र 22 वर्ष, निवासी इंदिरा नगर, दयाशंकर, पिता बिसेलाल, उम्र 55 वर्ष, निवासी इंदिरा नगर, कीर्तन यदु, पिता स्व. जगेश्वर यदु, उम्र 45 वर्ष, निवासी चौखडियापारा,अमन राय, पिता बोधेलाल राय, उम्र 30 वर्ष,निवासी चौखडियापारा, राजेन्द्र साहू, पिता विष्णु साहू, उम्र 60 वर्ष, निवासी लेबर कॉलोनी,मोहित यादव, पिता भरोसा राम यादव, उम्र 22 वर्ष, निवासी नंदई, दिलीप यादव, पिता रमेश यादव, उम्र 43 वर्ष, निवासी नंदई को धर दबोचा गया।

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के.

148-3 689-3

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

रजिस्ट्रेशन ऑफ न्यूज पेपर्स ( सेन्ट्रल ) रूल्स 1956 के अंतर्गत ''दावा'' दैनिक समाचार पत्र के संबंध में स्वामित्व तथा अन्य विवरण विषयक जानकारी

**घोषणा पत्र ( फार्म 4, नियम 8 )**

| | |
|---|---|
| 1. प्रकाशन का स्थान | - बल्देव बाग, राजनांदगांव ( छ.ग. ) |
| 2. प्रकाशन की नियत अवधि | - प्रातःकालीन दैनिक |
| 3. मुद्रक का नाम | - दीपक भाई बुद्धदेव ( स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स ) |
| राष्ट्रीयता | - भारतीय |
| पता | - बल्देव बाग, राजनांदगांव ( छ.ग. ) |
| 4. प्रकाशक का नाम | - दीपक भाई बुद्धदेव |
| राष्ट्रीयता | - भारतीय |
| पता | - बल्देव बाग, राजनांदगांव ( छ.ग. ) |
| 5. सम्पादक का नाम | - दीपक भाई बुद्धदेव |
| राष्ट्रीयता | - भारतीय |
| पता | - बल्देव बाग, राजनांदगांव ( छ.ग. ) |
| 6. उन व्यक्तियों के नाम व पते जो समाचार पत्र के स्वामी हैं और उन भागीदारों या शेयरधारकों के, जो कुल पूंजी के 1 प्रतिशत से अधिक अंश के धारक हैं, नाम और पते। | - X |

मैं दीपक भाई बुद्धदेव घोषणा करता हूं कि ऊपर दी गई विशिष्टियां मेरे सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार सही हैं।

दिनांक 28 फरवरी 2026

दीपक भाई बुद्धदेव
प्रकाशक

## आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीमती सुप्रिया पींचा ध.प. श्री हर्ष पींचा निवासी वर्धमान नगर, जिला राजनांदगांव (छ.ग.) ने सैयद एहतिशाम अली आ. सैयद एजाज अली निवासी मकान नं. 61, वर्धमान नगर, वार्ड नं. 17, तहसील व जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) से उनके स्वत्व एवं आधिपत्य का आवासीय परिवर्तित भूमि/ मकान जिसका खसरा नं. 2/38, शीट नं. 5, प्लाट नं. 15, 16, रकबा 0.22 हेक्टेयर = 2340 वर्गफुट जो कि ग्राम-राजनांदगांव प.ह.नं.-27, वर्धमान नगर, तहसील व जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) में स्थित है को क्रय करने का सौदा पक्का कर अग्रिम राशि बतौर बयाना उन्हें प्रदान कर दिया है, उक्त संपत्ति से संबंधित किसी भी शासकीय/अर्द्धशासकीय या किसी भी अन्य व्यक्ति को हक, उजर या दावा हो तो इस सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिनों के भीतर संपूर्ण दस्तावेज के साथ मेरे ऑफिस नं. 211, द्वितीय तल, सनसिटी जंक्शन, सनसिटी कंचनबाग, राजनांदगांव (छ.ग.) स्थित कार्यालय में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा उक्त अवधि के पश्चात मेरे पक्षकार श्रीमती सुप्रिया पींचा ध.प. श्री हर्ष पींचा निवासी वर्धमान नगर, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र निष्पादित करवा जिलया जायेगा और उक्त अवधि पश्चात आपत्ति अमान्य होगी और मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी।

स्थान - राजनांदगांव (छ.ग.)
दिनांक 01/03/2026
कार्यालय समय :-
सुबह 10.30 बजे से
शाम 7.30 बजे तक

भवदीय
सुमंत बख्शी (अधिवक्ता)
निवासी-ऑफिस नं. 211, द्वितीय तल,
सनसिटी जंक्शन, सनसिटी कंचनबाग,
राजनांदगांव (छ.ग.) मो.- 8109656704

# संस्कार सिटी कॉलेज में 'मेंटल हेल्थ एवं गेम्स ऑफ लाइफ' पर व्याख्यान



राजनांदगांव (दावा)। संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में 'मेंटल हेल्थ एवं गेम्स ऑफ लाइफ' विषय पर एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रशिक्षणार्थियों और शिक्षकों को मानसिक संतुलन, सकारात्मक सोच तथा जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. गुरप्रीत कौर एवं मुख्य अतिथि डॉ. मोना माखीजा, शासकीय कमला राठी महिला महाविद्यालय द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती पूजन के साथ किया गया। प्राचार्य ने मुख्य अतिथि का पौधा भेंटकर स्वागत किया। अपने उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. कौर ने कहा कि शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक स्वास्थ्य भी उतना ही महत्वपूर्ण है। प्रशिक्षणार्थियों के लिए मानसिक संतुलन बनाए रखना समय की आवश्यकता है, जिससे वे भविष्य में एक सशक्त शिक्षक की भूमिका निभा सकें। मुख्य वक्ता डॉ. मोना माखीजा ने 'गेम्स ऑफ लाइफ' की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए सकारात्मक सोच, नेतृत्व क्षमता और दैनिक जीवन में संतुलित दृष्टिकोण अपनाने पर जोर दिया।






# आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कबीरमठ नादिया आएंगे



**o अभा कबीर संत सम्मेलन व फाल्गुन महोत्सव कार्यक्रम में मुख्यमंत्री होंगे शामिल**
**o महापौर मधुसूदन यादव ने डोंगरगॉव पहुँचकर किया आयोजन स्थल का निरीक्षण**

डोंगरगांव (दावा)। जिले के डोंगरगांव से 8 किलोमीटर दूरी पर स्थित कबीरमठ धाम नादिया में श्री कबीर साहेब मठ ट्रस्ट एवं समस्त ग्रामवासी नादिया के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम अखिल भारतीय सद्गुरू कबीर संत सम्मेलन में आज 1 मार्च रविवार को दोपहर 12 बजे छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आगमन हो रहा है। उक्त कार्यक्रम में प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय उपस्थित होंगे और कबीर संत सम्मेलन में शामिल होंगे, जिसमें उनके साथ जिले के सांसद संतोष पांडे, महापौर मधुसूदन यादव, भाजपा के वरिष्ठ नेता दिनेश गांधी और क्षेत्रीय विधायकद्वय भोलाराम साहू एवं दलेश्वर साहू भी मौजूद रहेंगे।

कबीरमठ धाम नादिया के धर्माधिकारी सत्येंद्र साहेब एवं सचिव गिरवर दास ने बताया है कि तीन दिवसीय अखिल भारतीय कबीर संत सम्मेलन और फाल्गुन महोत्सव के पहले दिन सदगुरु कबीर साहेब की पूजा अर्चना कर भजन कीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तीन दिवसीय कबीर संत सम्मेलन में कबीर मठ से जुड़े श्रद्धालुओं धर्मप्रेमी भक्तजनों की बड़ी संख्या में उपस्थिति दर्ज की गई है। कबीर मठ के वर्तमान पीठाधीश्वर एवं ट्रस्ट के अध्यक्ष नादवंशाचार्य मंगल साहेब ने श्रेत्र के कबीर से जुड़े श्रद्धालुओं धर्मप्रेमी भक्तजनों और ग्रामीणों से बड़ी संख्या में उपस्थित होकर सत्संग लाभ लेने की अपील किया है। मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारी के पूर्व निरीक्षण हेतु एक दिन पहले राजनांदगॉव महापौर मधुसूदन यादव ने डोंगरगॉव पहुँचकर आयोजन स्थल का निरीक्षण किया और आयोजन के संबंध में शासन प्रशासन को आवश्यक निर्देश दिया साथ ही नांदिया मठ के पदाधिकारियों से आयोजन की रूपरेखा पर विमर्श किया। उसके पश्चात् महापौर मधुसूदन ने हैलिपेड स्थल का जायजा लेने के पश्चात् देर शाम राजनांदगॉव मुख्यालय प्रस्थान किया और प्रेस मीडिया को मुख्यमंत्री के आगमन के संबंध में जानकारी दी।

# झूलेलाल जयंती 20 मार्च को



**जयंती की तैयारियों को लेकर सिंधी समाज की हुई बैठक**

राजनांदगांव (दावा)। सिंधी समाज द्वारा अपने आराध्य देव भगवान झूलेलाल की 1076 वीं जयंती 20 मार्च को धूमधाम से मनाई जाएगी। पूज्य सिंधी पंचायत के वरिष्ठ अर्जुन दास पंजवानी, आवतराम तेजवानी एवं ब्रम्हानंद बजाज ने बताया कि आज झूलेलाल नगर स्थित सिंधु भवन में विराट बैठक आयोजित की गई जिसमें निर्णय लिया गया कि समाज द्वारा 20 मार्च को सभी प्रतिष्ठान बंद किए जाएंगे और जयंती के पूर्व तीन दिवसीय कार्यक्रमों की तैयारी के लिए युवाओं को जवाबदारी देने हेतु बैठक में चर्चा की गई और तैयारीयो को मूर्त रूप दिया गया। शहर को दुल्हन की तरह सजाया जाएगा एवं आकर्षक एवं मनमोहक शोभायात्रा भी निकलेगी साथ ही विविध कार्यक्रम भी होंगे ।बैठक का मंच संचालन लोकचंद लहरवानी एवं आभार अर्जुनदास गंगवानी द्वारा किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से अर्जुनदास पंजवानी, आवत राम तेजवानी, अध्यक्ष मन्नू मल मोटलानी, ब्रह्मानंद बजाज, गुरमुखदास वाधवा, भीमन धनवानी, अर्जुन वाधवानी, आसर जुमनानी, रूपचंद भीमनानी, भोजराज बजाज, हरीश मोटलानी, हरीश सोनी, कमल गंगवानी, डॉ. करतार सिंह कंजवानी, अशोक तेजवानी, टेकचंद बजाज, रमेश गिडवानी, रूपलाल राजवानी, दीपक चंदानी, नितिन बत्रा, कौशल शर्मा, राजकुमार परचानी, मुरली पंजवानी, पंकज जेठानी सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

# घर में घुसकर मारपीट, बलवा प्रकरण में 7 आरोपी गिरफ्तार, रिमांड भेजा गया जेल



राजनांदगांव (दावा)। सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में आरोपियों द्वारा पुरानी पारिवारिक झगड़े को लेकर एक राय होकर प्रार्थी के घर घुसकर मारपीट किये जाने पर बलवा प्रकरण बनाते हुए पुलिस ने 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल की सलाखों में भेज दिया है। कोतवाली थाना प्रभारी नंदकिशोर गौतम ने बलवा प्रकरण के आरोपियों के नाम मुशर्रफ जोया पिता अशरफ जोया 25 साल निवासी पठान पारा वार्ड नंबर 39, अब्बास जोया पिता अशरफ जोया उम्र 19 वर्ष पठानपारा वार्ड क 39, अशरद कुरैशी पिता इश्माईस कुरैशी उम्र 25 साल निवासी कसाईपारा वार्ड नंबर 28, इस्लामुद्दीन पिता शिराजुद्दीन उम्र 43 साल निवासी आजाद चौक, अनश जोया पिता मो. अशरफ जोया 22 साल पठानपारा वार्ड 39 व करीम बड़गुर्जर पिता कादिर बड़गुर्जर उम्र 24 वर्ष गौशाला पारा थाना बसंतपुर तथा जावेद बड़गुर्जर पिता कुद्दुद्दीन बड़गुर्जर उम्र 50 साल निवासी आजाद चौक वार्ड नंबर 37 बताया है।

### रोजा खोलकर बैठे हुए पीड़ित के साथ मारपीट

उन्होंने मामले की संक्षिप्त जानकारी देते हुए बताया कि, गुरुवार 26 फरवरी को रात्रि 07 बजे गुलाम मोहियुद्दीन पिता मोहम्मद मुस्ताक अपने परिवार के साथ रोजा खोलकर बैठे थे, तभी अनस जोया, मुर्शरफ जोया, अब्बास जोया, अशरफ जोया, इस्लामुद्दीन बडगुजर, जावेद बडगुजर, करीम बडगुजर, अरशद कुरेशी अपने साथ लोहे का हथौड़ा, लकडी का डंडा अपने अन्य साथियों को लेकर मेरे घर में जबरदस्ती घुसकर मोहम्मद मुस्ताक जोया को पुराने पारिवारिक झगडे की बात को लेकर माँ बहन की गंदी गंदी गालिया देते हुए जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का, लोहे के ठोस वस्तु से मारने पीटने लगे। मुस्कान जोया के दोनो लड़कों ने बीच बचाव करने का प्रयास किया तो उन्हे भी हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे तभी परिवार अन्य सदस्य मोहम्मद मुस्तफा जोया, मोहम्मद गालिब जोया, मोहम्मद रजा जोया, मोहम्मद ताहिर घर पहुंचे जिन्हें देखकर अंनस जोया, मुर्शरफ जोया, अब्बास जोया, अशरफ जोया, इस्लामूद्दीन बड़गुजर, जावेद बडगुजर, करीम बडगुजर, अरशद कुरेशी अपने अन्य साथियों के साथ वंहा से भाग गये।

### पीड़ित को मारपीट में आई विभिन्न स्थानों पर चोटें

इसमें मोहम्मद मुस्ताक जोया को मारपीट की घटना में दाहिने आंख के नीचे, कान, सिर, पीठ, छाती एवं शरीर के अन्य हिस्सों में काफी चोटें आई है, जिन्हें उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल पेड्री में भर्ती कराने कि रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्व अप.क्र. 129/26 धारा 296, 351 (2), 115 (2), 191 (2), 331 (5) बीएनएसएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया जाकर तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। घटना के संबंध में पूछताछ पर जुर्म स्वीकार करने पर शनिवार 27 फरवरी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया गया जहां से सभी आरोपियों को जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल में दाखिल कर दिया गया है।

# मिथिला धाम में गूंजे फाग के सुर : भक्ति और उल्लास के रंग में सराबोर हुई संस्कारधानी



**मौनीबाबा मंदिर में मिथिला महिला मंडल द्वारा भव्य होली मिलन एवं भजन संध्या संपन्न**

राजनांदगांव (दावा)। शहर के प्रसिद्ध मिथिला धाम मौनीबाबा मंदिर में शुक्रवार संध्या होली मिलन एवं होली गीत-भजन का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन मिथिला महिला मंडल की भजन मंडली द्वारा किया गया। जिसमें महिलाओं ने उत्साह और उमंग के साथ होली के पावन पर्व का स्वागत किया। मंदिर परिसर में संध्या समय से ही फाग और भक्ति रस की सरिता बहने लगी। रंग, गुलाल और पारंपरिक परिधानों से सजी महिलाओं ने पूरे वातावरण को भक्तिमय और उल्लासमय बना दिया। कार्यक्रम के दौरान मिथिला में होली खेले रामचंद्र भजन की विशेष गूंज रही। इसके साथ ही होली खेले रघुवीरा अवध में तथा आओ ब्रज में होली खेलें जैसे पारंपरिक फाग गीतों ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। भजन मंडली की मधुर प्रस्तुति ने उपस्थित जनसमूह को भक्ति और उल्लास के रंग में सराबोर कर दिया। हर ओर तालियों की गड़गड़ाहट और होली है! होली मिलन समारोह के दौरान महिलाओं ने पारंपरिक लोकगीतों पर जमकर नृत्य किया। ढोलक, मंजीरा और हारमोनियम की थाप पर फाग गीतों की झड़ी लग गई। जोगिरा सरारारा की तुकबंदी ने कार्यक्रम में विशेष उत्साह भर दिया। उपस्थित महिलाओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की अग्रिम शुभकामनाएं दी और आपसी सौहार्द व भाईचारे का संदेश दिया। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं ने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में प्रेम, एकता और सांस्कृतिक परंपराओं का संरक्षण होता है। होली मिलन समारोह ने न केवल धार्मिक आस्था को प्रबल किया। बल्कि सामाजिक समरसता और महिला सहभागिता का सुंदर उदाहरण भी प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण के साथ होली मिलन समारोह का समापन हुआ। राजनांदगांव में आयोजित यह उत्सव आने वाले होली पर्व की उमंग और उल्लास का सजीव प्रतीक बन गया।

# पारंपरिक तरीके से मनाएं होली, पानी बचाने के भ्रामक संदेशों का करें बहिष्कार : अशोक लोहिया

**सुखी होली के संदेशों को बताया संस्कृति विरोधी, 4 मार्च को निकलेगी भगवान राधा-कृष्ण की भव्य शोभायात्रा**



राजनांदगांव (दावा)। सनातन संस्कृति के प्रमुख पर्व होली को लेकर श्री सत्यनारायण मंदिर समिति ने श्रद्धालुओं से उत्साहपूर्वक और गीली होली खेलने की अपील की है। समिति के अध्यक्ष अशोक लोहिया ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि होली रंगों, उमंग और फुहारों का पर्व है, जिसे उसकी मूल परंपरा के साथ ही मनाया जाना चाहिए।

अशोक लोहिया ने सोशल मीडिया पर प्रसारित होने वाले पानी बचाओ और सूखी होली खेलो जैसे संदेशों पर कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों से हिंदू त्योहारों के समय जल संरक्षण के नाम पर भ्रामक संदेश फैलाए जा रहे हैं। ऐसे संदेशों को बिना सोचे-समझे आगे बढ़ाना उचित नहीं है। हमें साल के 364 दिन पानी बचाने का संकल्प लेना चाहिए, लेकिन होली के दिन पारंपरिक गीली होली खेलकर अपनी विरासत को जीवित रखना भी आवश्यक है। कुछ तत्व जानबूझकर त्योहारों की परंपराओं को कमजोर करने के लिए ऐसे संदेश फैलाते हैं। श्रद्धालुओं को ऐसे व्हाट्सएप मैसेज तुरंत डिलीट कर देने चाहिए।

### शोभायात्रा में शामिल होने का आह्वान

समिति ने जानकारी दी कि 4 मार्च को श्री सत्यनारायण मंदिर से भगवान श्री राधा-कृष्ण की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। समिति ने शहरवासियों से आग्रह किया है कि वे इस शोभायात्रा में शामिल होकर होली के वास्तविक आनंद और भक्ति रस का अनुभव करें होली प्रेम, सौहार्द और सांस्कृतिक एकता का पर्व है। बिना पानी और रंगों की फुहार के इस उत्सव की कल्पना संभव नहीं है। सभी श्रद्धालु भाईचारे के साथ परंपराओं का सम्मान करते हुए उत्सव मनाएं।

# रॉयल किड्स कान्वेंट में प्रवेश के लिए बालकों में अच्छा खासा उत्साह



राजनांदगांव (दावा)। गुणवत्ता युक्त प्रतिष्ठित संस्थान रॉयल किड्स कान्वेंट में प्रवेश हेतु पालकों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। प्रबंधन ने भी पालकों को आकर्षित करने के लिए एक से बढ़कर एक योजनाएं लागू की है, जिनमें किसी भी बोर्ड में दसवीं में 95 प्रतिशत से अधिक प्राप्त करने वाले छात्र को 12वीं तक की शिक्षा पूर्णतः फ्री देने की घोषणा की गई है तथा 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र को 75 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। नर्सरी से कक्षा पांचवी तक की शिक्षा के लिए पालक अभी 100000 तथा साल भर के अंदर 1.5 लाख रुपये और देकर बच्चों की प्रतिवर्ष बढ़ने वाली फीस से भी राहत पा सकते हैं और 8 साल तक बच्चे की शिक्षा के लिए निश्चित हो सकते हैं। कक्षा छठवीं से 12वीं के लिए भी इसी प्रकार की योजना चलाई गई है जिसके लिए शाला कार्यालय में पालक संपर्क कर सकते हैं।

ज्ञातव्य है कि यहां के छात्र-छात्राएं देश-विदेश में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रहे हैं। प्राचार्य अभिषेक खंडेलवाल ने बताया कि, सौरव गांगुली, सुभ्रांशु शुक्ला जैसे ख्याति लब्ध नाम भी आईसीएसई बोर्ड की ही उपज है। वही मृणाल चौबे, ज्ञानेश्वर यादव जैसे खिलाड़ी भी रॉयल किड्स कान्वेंट के छात्र रहे हैं। हाल ही में अंश दीप सिंह बग्गा सीबीएसई से तथा अनुनय कन्नौजे का आइजर जैसे संस्थानों में चयन शाला में शिक्षण गुणवत्ता की उच्च कोटि को प्रदर्शित करता है। शाला में ममता मिश्रा बायोलॉजी 35 वर्ष मौली सेबस्तियन इंग्लिश 30 वर्ष, अपर्णा वर्मा हिंदी 30 वर्ष, तृप्ति मेंश्राम साइंस15 वर्ष, जया भारती अकाउंटेंसी 15 वर्ष, आकांक्षा साहू इकोनॉमिक्स15 वर्ष जैसे वृहद समय का अनुभव लिए शिक्षक संस्थान में सेवाएं अनवरत आज तक दे रहे हैं। हाल ही में बिहार झारखंड उत्तर प्रदेश एवं केरल जैसे राज्यों से भी शिक्षकों का चयन किया गया है और डायरेक्टर संजय बहादुर सिंह ने उद्घोषणा की है कि बच्चों को सुविधाएं देने में कोई कोर कसर नहीं रखी जाएगी। शाला के छात्र चंचल देवांगन, मयंक साहू, पर्नवी देवी यादव ने नीट में अपने-अपने वर्षों में नीट में जिला टॉपर बनकर संस्थान एवं अपने माता-पिता एवं शहर का नाम गौरवान्वित किया है। प्राचार्य अभिषेक खंडेलवाल ने बताया कि नर्सरी से कक्षा 3 तक ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी द्वारा संचालित पाठ्यक्रम तथा ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के शिक्षाविदों द्वारा मॉनिटरिंग की जा रही है जो कि अपने आप में राजनांदगांव जैसी शहर में एक अनूठी मिसाल है। वहीं कक्षा छठवीं से ही हमारे यहां प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग निःशुल्क दी जाती है, जिसके लिए भी पालक गण की पहली पसंद रॉयल किड्स कान्वेंट बन चुका है। वही कॉमर्स में रमनदीप सिंह भाटिया, राहुल लालवानी, सीमा चिमनानी, विकास गोलछा, खुशबु खण्डेलवाल जैसे होनहार छात्र सीए बनकर देश प्रदेश में अपना नाम रोशन कर रहे हैं। शाला में एक-एक बच्चे पर विशेष ध्यान देते हुए उनके अंदर की प्रतिभा को निखारा जाता है तथा उन्हें उनके करियर में आगे बढ़ाने हेतु समुचित संसाधन उपलब्ध कराकर उसे करियर की प्राप्ति सुनिश्चितता की जाती है। सीटें लिमिट है, जल्दी संपर्क करें।

# प्रतिस्थापन अभिक्रियाओं पर विशेष व्याख्यान आयोजित



डोंगरगढ़(दावा)। शा. नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरगढ़ के रसायन शास्त्र विभाग द्वारा 26 फरवरी को एक दिवसीय विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्राचार्या श्रीमती डॉ. ई. वी. रेवती के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।व्याख्यान का विषय 'प्रतिस्थापन अभिक्रियाओं के विभिन्न प्रकार' रहा। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. बी. वेंकटेश्वर राव (सेवानिवृत्त प्राध्यापक, सातवाना कॉलेज, विजयवाड़ा, आंध्र प्रदेश) उपस्थित रहे। उन्होंने प्रतिस्थापन अभिक्रियाओं के विविध प्रकारों पर प्रकाश डालते हुए विशेष रूप से एस.एन.1 एवं एस.एन.2 अभिक्रियाओं के तंत्र को सरल, वैज्ञानिक एवं रोचक ढंग से स्पष्ट किया। उनके व्याख्यान से विद्यार्थियों को विषय की गहन एवं व्यवहारिक समझ प्राप्त हुई। कार्यक्रम में लगभग 50 छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। विद्यार्थियों ने व्याख्यान में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। इस अवसर पर श्रीमती सोनाली लोया खानखोजे, ओमप्रकाश वर्मा एवं गौरव तिवारी की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन एम.एससी. रसायन शास्त्र के छात्र ज्ञानेंद्र द्विवेदी द्वारा किया गया। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ तथा विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुआ।

# जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल ने 7 परीक्षा केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

**निरीक्षण के दौरान नहीं मिले नकल, डीएमसी की टीम ने बोर्ड परीक्षा केंद्र का किया निरीक्षण**



राजनांदगांव (दावा)। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हायर सेकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2026 में कलेक्टर जितेंद्र यादव, सीईओ जिला पंचायत सुरुचि सिंह एवं जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल के नेतृत्व में जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल द्वारा विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया। 10वीं विज्ञान के परीक्षा केंद्रों में दल द्वारा रेंगाकठेरा, पारागांव खुर्द, मुरमुंदा, सेजेस डोंगरगढ़, ढारा, मोहारा एवं बिल्हरी परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी केन्द्रों पर परीक्षा शांतिपूर्वक एवं सुव्यवस्थित रूप से संचालित पाई गई। परीक्षा भवनों में समुचित पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, प्रसाधन एवं पर्याप्त फर्नीचर की उपलब्धता सुनिश्चित की गई थी। निरीक्षण के दौरान किसी भी परीक्षार्थी द्वारा अनुचित साधनों के उपयोग का मामला सामने नहीं आया, जिससे परीक्षा की निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित हुई। उड़नदस्ता दल द्वारा परीक्षा केन्द्रों में ग्लूकोज, ओ.आर.एस. एवं प्राथमिक उपचार सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने संबंधी सुझाव भी दिए गए। साथ ही बोर्ड द्वारा निर्धारित प्रपत्रों एवं पंजियों का समुचित संधारण किया जाना पाया गया। जिले में दसवीं बोर्ड के विज्ञान में कुल 11344 विद्यार्थियों में 11167 विद्यार्थी परीक्षा में बैठे 177 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान सतीश ब्यौहरे डीएमसी के साथ पीआर झाड़े एपीसी एवं आदर्श वासनिक एपीसी उपस्थित रहे।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**नागपुर मंडल में इलेक्ट्रिकल सम्बंधित कार्य के लिए ई-निविदा सूचना**

**1. निविदा सूचना संख्या:** ईएल-जी-ई-ओटी-25-26-33 दिनांक: 17.02.2026
**कार्य का नाम:** विभिन्न इलेक्ट्रिकल काम - (A) संग्रहण हेतु मौजूदा बिल्डिंग के फ्लोरिंग रैक का एक्सटेंशन, फॉल्स सीलिंग को बदलना, बाउंड्री वॉल को ऊंचा करना और टॉयलेट बाथ का इंतज़ाम तथा मंडल स्टोर्स डिपो, मोतीबाग के इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार। (B) SECRSA, नागपुर के कलमना स्टेशन के पास 7.04 एकड़ की नई अलॉटेड ज़मीन पर स्पोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर (क्रिकेट ग्राउंड) का डेवलपमेंट। (C) DRM बिल्डिंग, नागपुर के पहले माले पर वरिष्ठ DEN (Co.) के अधीन अभियांत्रिकी विभाग के अलग-अलग कार्यालयों में सुधार। (D) ट्रैक मशीन जोनल मेंटेनेंस डिपो, नागपुर में टैम्पिंग यूनिट ओवरहॉलिंग शेड। (E) ORH, माउंट रोड नागपुर का रेनोवेशन।
**निविदा मूल्य:** ₹ 1,10,51,709/-
**बिड सुरक्षा राशि:** ₹ 2,05,300/-

**2. निविदा सूचना संख्या:** ईएल-जी-ई-ओटी-25-26-34 दिनांक: 17.02.2026
**कार्य का नाम:** विभिन्न इलेक्ट्रिकल काम - (A) ADEN, तुमसर के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत तुमसर रेलवे कॉलोनी में नए RCC ओवरहेड वॉटर स्टोरेज टैंक का निर्माण। (B) ADEN-ट्रैक्स, नागपुर के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत स्टील वॉटर टैंक की जगह इतवारी के साउथ साइड P/House में 2,25,000 लीटर क्षमता वाले RCC ओवरहेड टैंक का निर्माण। (C) 2x2.30 लाख लीटर क्षमता वाले लीक हो रहे MS टैंक की जगह 2,25,000 लीटर क्षमता का एक RCC ओवरहेड टैंक का निर्माण, 58,600 लीटर टैंक की जगह 1 लाख लीटर क्षमता वाले एक RCC ओवरहेड टैंक का निर्माण और ADEN (वर्क्स), नागपुर के अंतर्गत नागपुर सेटलमेंट के मोतीबाग क्षेत्र में पंपिंग अरेंजमेंट और पाइप लाइनों के साथ 4 लाख लीटर क्षमता वाले एक अंडरग्राउंड RCC स्टोरेज टैंक का निर्माण। (D) ADEN, डोंगरगढ़ के अंतर्गत लोको कॉलोनी में लीक हो रहे MS टैंक को बदलने हेतु RCC ओवरहेड टैंक (कैपेसिटी 225000 लीटर) का निर्माण। (E) ADEN, नागभीड़ के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत मुलमरोडा स्टेशन पर 50000 लीटर क्षमता वाले RCC ओवरहेड टैंक का निर्माण।
**निविदा मूल्य:** ₹ 59,08,826/-
**बिड सुरक्षा राशि:** ₹ 1,18,200/-

**3. निविदा सूचना संख्या:** ईएल-जी-ई-ओटी-25-26-36 दिनांक: 17.02.2026
**कार्य का नाम:** नागपुर मंडल में S&T विभाग के सेंट्रल रिले रूम और गुमटी में एयर कंडीशनिंग की सप्लाई और फिक्सिंग के लिए इलेक्ट्रिकल काम।
**निविदा मूल्य:** ₹ 4,80,96,198/-
**बिड सुरक्षा राशि:** ₹ 3,90,500/-

**निविदा प्रस्तुति की तारीख एवं समय:** दिनांक **03.03.2026** से **17.03.2026** के दोपहर **3:00** बजे तक। **निविदा का खोलना:** दिनांक **17.03.2026** को **3:00** बजे।
अधिक जानकारी के लिए कृपया वरिष्ठ डीईई (RS&G)/नागपुर के कार्यालय से संपर्क करें या हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध निविदा दस्तावेज देखें / डाउनलोड करें।

**वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (RS&G), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर**
FL/73-320

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

# नशे के लिए बदनाम महुआ अब परोसेगा सेहत और मिठास : हरियाली बहिनी की अनूठी पहल



राजनांदगांव (दावा)। वनांचल क्षेत्रों में अब तक केवल नशे (शराब) के लिए पहचाने जाने वाले महुआ की तस्वीर अब बदलने लगी है। राजनांदगांव से महज 14 किलोमीटर दूर स्थित खैरागढ़-चवेली में हरियाली बहिनी समूह द्वारा एक अनोखी पहल की जा रही है। यहां की ग्रामीण महिलाएं महुआ से सेहतमंद और स्वादिष्ट व्यंजन तैयार कर समाज को नशे से सेहत की ओर मोड़ने का काम कर रही हैं।

### होली पर महुआ के लड्डू की धूम

**खैरागढ़-चवेली की महिलाओं ने तैयार किए महुआ के स्वादिष्ट लड्डू और मिक्सचर, होली पर बढ़ी भारी मांग**

आगामी होली पर्व को देखते हुए महुआ के व्यंजनों की मांग इतनी बढ़ गई है कि महिलाएं आपूर्ति पूरी नहीं कर पा रही हैं। इस बार घरों में पारंपरिक मिठाइयों के साथ-साथ महुआ के लड्डू और महुआ मिक्सचर भी अपनी मिठास घोलेंगे। इस कार्य से जुड़ी महिलाओं को न केवल आय का नया स्रोत मिला है, बल्कि लोगों को सस्ता और पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने से उन्हें आत्म-संतुष्टि भी मिल रही है। इस मुहिम को स्कूल, कॉलेज, बैठकों और सोशल मीडिया के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है।

### नशा नहीं, अब सुपरफूड के रूप में पहचान

अभियान के प्रमुख शिव कुमार देवांगन ने बताया कि महुआ के औषधीय गुणों को देखते हुए यह प्रयोग शुरू किया गया था। उन्होंने कहा, हमने सोचा नहीं था कि लोग महुआ के व्यंजनों को इतना पसंद करेंगे। जो भी एक बार इसका स्वाद ले रहा है, वह दोबारा मांग कर रहा है। लोग अब इसे नशे के बजाय स्वास्थ्यवर्धक आहार के रूप में जानने लगे हैं। महुआ में कैल्शियम, आयरन और विटामिन प्रचुर मात्रा में होते हैं। इन व्यंजनों में चीनी का न्यूनतम प्रयोग कर महुआ की प्राकृतिक मिठास का उपयोग किया जाता है। स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होने के कारण यह बाजार की मिलावटी मिठाइयों से काफी सस्ता और शुद्ध है। हरियाली बहिनी समूह का यह प्रयास न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती दे रहा है, बल्कि महुआ को लेकर समाज की सोच भी बदल रहा है। इस होली पर महुआ के ये पकवान न केवल स्वाद बढ़ाएंगे, बल्कि नशा मुक्त समाज का संदेश भी देंगे।

# एक साल से वेतन के लिए भटक रही अजा कल्याण विभाग की महिलाएं, सांसद के पास पहुंची ज्ञापन देने



राजनांदगांव (दावा)। शहर में संचालित आदिम जाति कल्याण विभाग के अंतर्गत पोस्ट मैट्रिक पिछड़ा वर्ग कन्या एवं बालक छात्रावास में दैनिक वेतनभोगी मजदूर के रुप में कार्यरत लगभग एक दर्जन महिलाएं शनिवार को वेतन दिलाए जाने का गुहार लगाने सांसद कार्यालय पहुंची। महिलाओं का कहना है कि लगभग साल भर से उन्हें वेतन नहीं मिला है।

इससे उन्हें आर्थिक समस्याओ का सामना करना पड़ रहा व घर-गृहस्थी चलाने के काम में काफी कठिनाइयां आ रही है। विगत एक मार्च 2025 से बगैर तनख्वाह के नियमित ड्यूटी कर रही महिलाओ के वेतन संबंधी समस्या हल करने कोई भी संबंधित अधिकारी ध्यान नहीं दे रहा है। छात्रावास की दैनिक वेतन भोगी मजदूर महिलाएं श्रीमती गायत्री सिन्हा, लक्ष्मी देवांगन, अनंत जांगड़े, निर्मला रात्रे, संतुला सहारे आदि ने बताया कि वे वेतन नहीं प्राप्त होने संबंधी आवेदन कलेक्टर को भी दे चुके हैं। जन दर्शन में भी दिया जा चुका है।

### सांसद से वेतन दिलाने लगाई गुहार

इसके बाद भी कलेक्टर से लेकर संबंधित अधिकारियों द्वारा उन्हें वेतन दिलाए जाने के संबंध में किसी प्रकार दिलचस्पी नहीं दिखाई जा रही है। इससे वे पैसे-पैसे के लिए मोहताज है। अंत में थक हार कर जिले के सांसद संतोष पाण्डे जी के समक्ष गुहार लगाने आए हैं किन्तु दुर्भाग्य कि सांसद के डोंगरगांव कार्यक्रम में बिजी रहने की वजह से उनसे मुलाकात नहीं हो सकी।

दूर-दराज के गांवों से उक्त छात्रावास में ड्यूटी करने आने वाली महिलाओं का कहना है कि सभी का दुःख-दर्द समझने वाले सांसद पांडे जी उनका भी दुःख-दर्द अवश्य समझेंगे और एक वर्ष से बिना वेतन का काम कर रहे गरीब मजदूर महिलाओं का रुका वेतन दिलवाने के लिए जरूर मदद करेंगे।

## अनमोल दावा

**"हर छोटी बदलाव बड़ी कामयाबी का हिस्सा होता है।**

# विकसित देश का मंत्र है वैज्ञानिक सोच, शोध-अनुसंधान का मतलब केवल पीएचडी कर लेना नहीं

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस केवल वैज्ञानिक उपलब्धियों को याद करने का ही नहीं, बल्कि बच्चों, युवाओं से लेकर आमजन में वैज्ञानिक सोच को विकसित करने का अवसर भी बनना चाहिए। अगर भारत को विकसित देश बनना है, तो उसमें विज्ञान की बड़ी अहम भूमिका होगी। यह भूमिका तभी सार्थक होगी, जब हम वैज्ञानिक शोधों को अपनी कार्यसंस्कृति का हिस्सा बना लें।

इसके लिए आवश्यक होगा कि हम बुनियादी स्तर से ही बच्चों को ऐसी जानकारियां देने के उपाय करें, जो उनमें वैज्ञानिक सोच के विकास में सहायक बने। इसके लिए पारंपरिक ज्ञान के साथ ही वैज्ञानिक स्वभाव भी विकसित करना होगा। इसके लिए बच्चों को हर तरह के सवाल पूछने के लिए भी प्रोत्साहित करना होगा। बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण पैदा करने के लिए उनमें आसपास की चीजों को समझने के प्रति कौतूहल भी पैदा करना होगा।

पढ़ाई में रटने से ज्यादा महत्वपूर्ण होता है कि हमारे बच्चे प्रयोगशालाओं में प्रयोग करें और अपनी गलतियों से सीखें। च्करके सीखनेज् अर्थात लर्निंग बाय डूइंग के माध्यम से छात्रों के सैद्धांतिक ज्ञान को वास्तविक प्रयोगशाला के अनुभवों में सहायता मिलेगी। हालांकि यह सिर्फ सोचने भर से नहीं होगा। इसके लिए हमें गांवों से लेकर शहरों तक स्कूलों में अच्छी विज्ञान प्रयोगशालाओं का व्यापक जाल बिछाना होगा।

इसी सोच से प्रेरित भारत सरकार द्वारा गत वर्ष अक्टूबर तक 10,000 से अधिक अटल टिंकरिंग लैब स्थापित की जा चुकी हैं और अगले पांच वर्षों में 50,000 नई अटल टिंकरिंग लैब्स स्कूलों में स्थापित करने की योजना बनाई है।

नीति आयोग के अटल इनोवेशन मिशन के तहत इन लैब्स का उद्देश्य कक्षा 6 से 12 तक के छात्रों में वैज्ञानिक जिज्ञासा, रचनात्मकता और स्टेम (साइंस-टेक्नोलॉजी-इंजीनियरिंग-मैथ) कौशल को बढ़ावा देना है। यह पहल हर जिले में तकनीक-आधारित नवाचार को बढ़ावा देगी। इस क्रम में वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद यानी सीएसआईआर का च्जिज्ञासाज् कार्यक्रम स्कूली बच्चों में वैज्ञानिक चेतना और जिज्ञासा जगाने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य च्करके सीखनेज्ज् (लर्निंग बाय डूइंग) के माध्यम से छात्रों के सैद्धांतिक ज्ञान को वास्तविक प्रयोगशाला के अनुभवों से जोड़ने में सहायक हो रहा है। इसरो का युविका (युवा विज्ञानी कार्यक्रम) स्कूली बच्चों में विज्ञान और अंतरिक्ष तकनीक के प्रति गहरी समझ और रुचि विकसित करने के लिए एक शानदार पहल है। इसे च्कैच देम यंगज् यानी छोटी अवस्था में ही स्कूली छात्रों में अंतरिक्ष विज्ञान, प्रौद्योगिकी और अनुसंधान के प्रति रुचि जगाकर उनमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने के उद्देश्य से आकार दिया गया है।

दो सप्ताह के इस आवासीय कार्यक्रम में छात्रों को प्रख्यात विज्ञानियों से मिलने, प्रयोगशालाओं का दौरा करने और व्यावहारिक प्रयोग (मॉडल राकेट्री) करने का अवसर भी मिलता है। राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस भी बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने का एक सशक्त माध्यम बन चुका है। यह कार्यक्रम छात्रों को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रखकर उन्हें वास्तविक दुनिया की समस्याओं को वैज्ञानिक पद्धति से सुलझाने के लिए प्रेरित करता है।

एनसीईआरटी द्वारा आयोजित राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी भी बच्चों में वैज्ञानिक सोच और जिज्ञासा को बढ़ावा देने का एक सशक्त माध्यम बन गई है। यह प्रदर्शनी केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि युवा मस्तिष्कों में नवाचार और रचनात्मकता का संचार करने वाला एक उत्सव है। राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विजन के अनुरूप बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने में अत्यंत सहायक सिद्ध हो रही है।

इसी प्रकार स्पायर अवॉर्ड मानक प्रतियोगिता भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, जो स्कूली बच्चों में न केवल विज्ञान के प्रति रुचि पैदा कर रही है, बल्कि उनमें एक गहरा वैज्ञानिक दृष्टिकोण भी विकसित कर रही है। यह योजना बच्चों को अपने आसपास की समस्याओं को पहचानने और उनके लिए मौलिक समाधान सोचने के लिए प्रेरित करती है। ये सब प्रयास तब और रंग लाएंगे, जब देश का उद्योग जगत अपनी आवश्यकताओं के अनुरूप वैज्ञानिक अध्ययन संस्थानों से गठजोड़ करके अनुसंधान का सिलसिला शुरू कर उसे गति प्रदान करे। अगर शिक्षा और उद्योग क्षेत्र में यह साझेदारी विकसित हो जाती है तो भारत को जल्द विकसित राष्ट्र बनने से कोई नहीं रोक सकता।

भारत के कुछ गिने-चुने ऐसे संस्थान हैं, जिन्होंने अपनी प्रगति और कामयाबी से दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा है। इसरो इनमें सबसे आगे है, लेकिन भारत को विकसित राष्ट्र बनने के लिए इकलौते इसरो या आईआईटी से ही काम नहीं चलने वाला। हमें देश के अन्य उच्चस्तरीय संस्थानों में भी रिसर्च का एक बेहतर इकोसिस्टम विकसित करना होगा। यह भी ध्यान रखा जाए कि शोध-अनुसंधान का मतलब केवल पीएचडी कर लेना नहीं है। शोध तभी सफल है जब उसके केंद्र में यह बिंदु हो कि दैनिक जीवन को सुगम बनाने के लिए वह क्या योगदान कर सकता है? विज्ञान तभी सार्थक है जब कोई भी सामान्य समझ वाला व्यक्ति उसे आसानी से आत्मसात कर उसका उपयोग कर सके।


# शिक्षा में न्यायपालिका : संवाद की जरूरत या विवाद की राजनीति ?



**-: ललित गर्ग:-**

एक बार फिर शिक्षा से जुड़ा एक प्रश्न राष्ट्रीय विमर्श के केंद्र में है। शिक्षा मंत्रालय और राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) द्वारा प्रकाशित आठवीं कक्षा की सामाजिक विज्ञान की पुस्तक में ''हमारे समाज में न्यायपालिका की भूमिका'' शीर्षक अध्याय में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार और लंबित मुकदमों का उल्लेख किए जाने पर भारत का सर्वोच्च न्यायालय ने नाराजगी प्रकट की। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की यह टिप्पणी कि ''किसी को भी न्यायपालिका को बदनाम करने नहीं दिया जाएगा'' केवल एक भावनात्मक प्रतिक्रिया नहीं, बल्कि संस्थागत गरिमा की रक्षा का संकेत है। इसके बाद संबंधित अध्याय को हटाने और बाजार में उपलब्ध पुस्तकों को वापस लेने का निर्णय लिया गया। प्रश्न यह है कि क्या यह केवल एक संपादकीय चूक थी या हमारे शैक्षिक ढांचे में कहीं गहरी संरचनात्मक कमी है? प्रश्न है कि स्कूली बच्चों को 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' के बारे में जानकारी देने से किस हित की पूर्ति होने वाली है? लेकिन इसमें दो मत नहीं है कि न्यायिक तंत्र के साथ हर क्षेत्र में फैली भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के ठोस उपाय होने ही चाहिए। सबसे पहले यह भी स्वीकार करना होगा कि न्यायपालिका में लंबित मामलों और भ्रष्टाचार जैसे प्रश्न पूरी तरह काल्पनिक नहीं हैं। न्यायालयों में लंबित मुकदमों की संख्या करोड़ों में है, यह एक सार्वजनिक तथ्य है। कुछ मामलों में न्यायिक आचरण पर भी प्रश्न उठे हैं। परंतु उतना ही सत्य यह भी है कि भारतीय न्यायपालिका ने समय-समय पर अपनी स्वतंत्रता, पारदर्शिता और सक्रियता से लोकतंत्र की रक्षा की है। पिछले वर्षों में शीर्ष न्यायाधीशों द्वारा अपनी संपत्तियों का सार्वजनिक विवरण देने की सहमति जैसे कदमों ने संस्थागत पारदर्शिता को सुदृढ़ किया है। ऐसे में प्रश्न यह नहीं है कि समस्या है या नहीं, प्रश्न यह है कि उसे किस भाषा, किस संतुलन और किस शैक्षिक दृष्टि से प्रस्तुत किया जाए।

शिक्षा का उद्देश्य केवल तथ्य देना नहीं, दृष्टि देना है। यदि हम बच्चों को यह सिखाते हैं कि न्यायपालिका में भ्रष्टाचार है, तो साथ ही यह भी सिखाना होगा कि न्यायपालिका ने भ्रष्टाचार से लड़ने में कैसी भूमिका निभाई है, उसने प्रशासनिक दुरुपयोग पर कैसे अंकुश लगाया है, नागरिक अधिकारों की रक्षा में कैसे ऐतिहासिक निर्णय दिए हैं। शिक्षा में आलोचना हो, पर निराशा नहीं, तथ्य हों, पर संतुलन भी हो। यदि किसी अध्याय में केवल संस्थागत विकृतियों का उल्लेख हो और सुधारात्मक प्रयासों, आदर्श उदाहरणों और संवैधानिक मूल्यों का समुचित विवेचन न हो, तो वह शिक्षा में मूल्यों एवं आदर्शों के बजाय अविश्वास का बीजारोपण बन सकता है। यह विवाद एक बड़े प्रश्न को भी जन्म देता है-पाठ्य पुस्तकों की निर्माण प्रक्रिया में बहुस्तरीय समीक्षा के बावजूद ऐसी सामग्री कैसे प्रकाशित हो जाती है? क्या संपादकीय बोर्ड में विविध



दृष्टिकोणों का अभाव है? क्या विधि विशेषज्ञों, शिक्षाशास्त्रियों और मनोवैज्ञानिकों के बीच समन्वय पर्याप्त नहीं है? एक लोकतांत्रिक समाज में संस्थाओं की आलोचना वर्जित नहीं हो सकती, पर आलोचना और अवमूल्यन के बीच महीन रेखा होती है। शिक्षा मंत्रालय और एनसीईआरटी जैसी संस्थाओं का दायित्व है कि वे इस रेखा को पहचानें।

यह भी स्मरणीय है कि भ्रष्टाचार केवल न्यायपालिका तक सीमित समस्या नहीं है। हाल ही में ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की इसी महीने जारी रिपोर्ट के मुताबिक करप्शन परसेप्शन इंडेक्स में 182 देशों के बीच भारत की रैंक 91 है। पिछले साल के मुकाबले भारत ने 5 स्थान का सुधार किया है, यह स्थिति सुधार के बावजूद मध्य स्तर पर बनी हुई बताई गई है। इसका अर्थ है कि भ्रष्टाचार एक संरचनात्मक, सामाजिक और प्रशासनिक चुनौती है। यदि हम बच्चों को इसके बारे में पढ़ाते हैं तो उसे एक समग्र सामाजिक संदर्भ में पढ़ाया जाना चाहिए कि यह समस्या क्यों उत्पन्न होती है, इसे रोकने के लिए क्या संवैधानिक तंत्र हैं, नागरिकों की क्या भूमिका है और सुधार की संभावनाएं क्या हैं। केवल किसी एक संस्था को केंद्र में रखकर समस्या का चित्रण करना न तो शैक्षिक रूप से न्यायोचित है और न ही संवैधानिक संतुलन के अनुरूप।

न्यायपालिका की गरिमा का प्रश्न भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। लोकतंत्र तीन स्तंभों-विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका पर आधारित है। यदि किसी एक स्तंभ के प्रति बच्चों के मन में अविश्वास की भावना बिना सम्यक् विश्लेषण के उत्पन्न हो जाए, तो यह दीर्घकाल में लोकतांत्रिक संस्कृति के लिए हानिकारक हो सकता है। परंतु गरिमा की रक्षा का अर्थ यह भी नहीं कि समस्याओं पर मौन साध लिया जाए। गरिमा और पारदर्शिता परस्पर विरोधी नहीं, बल्कि पूरक हैं। न्यायपालिका की वास्तविक प्रतिष्ठा उसकी आलोचना सहने की क्षमता, आत्मसुधार की तत्परता और नैतिक दृढ़ता से बढ़ती है। इस संदर्भ में एक नई शैक्षिक संरचना की आवश्यकता अनुभव होती है। पाठ्य पुस्तकों में ''संस्थागत अध्ययन÷ का प्रारूप इस प्रकार विकसित किया जा सकता है जिसमें तीन आयाम हों-संविधान द्वारा प्रदत्त भूमिका, वास्तविक चुनौतियां और सुधार की पहल। उदाहरण के लिए, न्यायपालिका पर अध्याय में उसके ऐतिहासिक निर्णय, जनहित याचिका की परंपरा, मौलिक अधिकारों की रक्षा, साथ ही लंबित मामलों की समस्या और न्यायिक सुधार आयोगों की सिफारिशों का संतुलित उल्लेख किया जाए। इससे छात्र न तो अंधभक्त बनेंगे और न ही निंदक, वे सजग नागरिक बनेंगे।

शिक्षा मंत्रालय को भी इस अवसर को आत्ममंथन के रूप में लेना चाहिए। विवाद के बाद अध्याय हटाना तात्कालिक समाधान हो सकता है, पर स्थायी समाधान नहीं। आवश्यकता है एक स्वतंत्र, बहुविषयी समीक्षा तंत्र की, जिसमें विधि विशेषज्ञ, पूर्व न्यायाधीश, शिक्षाशास्त्री, समाजशास्त्री और बाल मनोविज्ञान के जानकार शामिल हों। साथ ही, सार्वजनिक परामर्श की परंपरा विकसित की जा सकती है ताकि पाठ्य पुस्तकें केवल सरकारी दस्तावेज न रहकर सामाजिक सहमति का दस्तावेज बनें। न्यायपालिका भी इस प्रसंग में रचनात्मक पहल कर सकती है। यदि वह स्वयं विद्यालयों और विश्वविद्यालयों के लिए न्यायिक साक्षरता कार्यक्रम आरंभ करे, न्यायालयों के कार्यप्रणाली पर सरल और संतुलित अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराए, तो इससे भ्रांतियों का निवारण होगा। न्यायपालिका की पारदर्शिता और संवादशीलता उसकी गरिमा को और सुदृढ़ करेगी।

अंततः यह विवाद हमें यह सोचने को विवश करता है कि हम अपने बच्चों को कैसी नागरिकता का संस्कार देना चाहते हैं। क्या हम उन्हें केवल समस्याओं का बोध देंगे या समाधान की प्रेरणा भी देंगे? क्या हम उन्हें संस्थाओं पर अविश्वास करना सिखाएँगे, या सुधार में सहभागी बनने की चेतना से सम्पन्न बनायेंगे? लोकतंत्र का भविष्य पाठ्य पुस्तकों की पंक्तियों में ही आकार लेता है। इसलिए आवश्यक है कि शिक्षा में सत्य हो-पर संतुलित, आलोचना हो-पर रचनात्मक और संस्थाओं की गरिमा अक्षुण्ण रखते हुए सुधार की राह भी खुली रहे। भ्रष्टाचार एक गंभीर राष्ट्रीय चुनौती है, पर उसका समाधान संस्थाओं को कटघरे में खड़ा कर देने से नहीं, बल्कि उन्हें अधिक उत्तरदायी और पारदर्शी बनाकर ही निकलेगा। शिक्षा का कार्य इसी संतुलन को साधना है। यदि यह विवाद हमें अधिक परिपक्व, संवादशील और उत्तरदायी शैक्षिक व्यवस्था की ओर ले जाए, तो यह एक नई दिशा, नई दृष्टि और नई संरचना के प्रादुर्भाव का अवसर सिद्ध हो सकता है। लोकतंत्र की सच्ची शक्ति आलोचना और आत्मसुधार के समन्वय में ही निहित है, और यही संतुलन हमारी पाठ्य पुस्तकों में भी प्रतिबिंबित होना।

लेखक, पत्रकार, स्तंभकार
ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट
25 आई. पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-110092
मो. 9811051133

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम 398 : कैकेई ने भरत जी को राजा बनाने की मांग का औचित्य समझाना चाहा

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



अब माता कैकेई द्वारा कुमार भरत के मन में उठे संदेह को दूर करना आवश्यक हो गया था। उन्होंने समझाते हुए कहा,'पुत्र भरत! यह एक अप्रत्याशित स्थिति थी, जब अचानक महाराज दशरथ ने पुत्र राम को अयोध्या का युवराज पद देने का निर्णय किया। तुम्हारी अनुपस्थिति में यह निर्णय लिया गया और इससे मेरे मन में तुम्हारे भविष्य को लेकर संदेह पैदा हो गया था पुत्र।'

'यह निर्णय तो सर्वथा उचित था माते! राम भैया बड़े हैं और योग्य भी हैं। स्वाभाविक ही अयोध्या के भावी राजा वही होंगे। इसमें संदेह वाली कौन सी बात है?' भरत जी ने कहा।

माता कैकेई ने रहस्योद्घाटन करते हुए कहा, 'तुम्हारे पिता महाराज ने तुम्हारे नाना महाराज अश्वपति को मुझसे विवाह के लिए यह वचन दिया था कि मेरा भावी पुत्र ही महाराज दशरथ के अयोध्या राज्य का उत्तराधिकारी होगा।'

यह सुनकर कुमार भरत कुछ क्षण के लिए सोच में पड़ गए। फिर उन्होंने कहा, 'तब तो बड़ी माता और मंझली माता के कोई संतान नहीं रही होगी, इसलिए पिता महाराज ने उस समय ऐसा वचन दिया होगा। भैया राम के जन्म के बाद तो यह वचन अपने आप निरस्त हो जाता है।'

शत्रुघ्न जी ने कहा, 'संभवतः पिताजी ने यह वचन इसलिए दिया होगा माते, क्योंकि तब उन्होंने अयोध्या राज्य के लिए उत्तराधिकारी के जन्म की बात सोची होगी और इसीलिए उन्होंने आपसे विवाह की बात भी सोची होगी।' भरत जी ने कहा, 'मगर मुझे राजा बनाने की मांग उठाई किसने?'

'मैंने पुत्र, ताकि तुम्हारे पिता का तुम्हारे नाना को दिया गया संकल्प पूरा हो जाए। तुम्हारे पिता इसका उल्लंघन करने जा रहे थे इसलिए मैंने अपने पहले वचन के माध्यम से उन्हें प्रतिज्ञाबद्ध किया।' रानी कैकेई ने तर्क रखते हुए कहा।

यह सुनकर भरत जी अत्यंत क्रुद्ध हुए और उन्होंने कहा, 'तो आपने पिता महाराज द्वारा दिए गए दो पूर्व वचनों का उपयोग अयोध्या राज्य का विनाश करने के लिए किया है। अब मुझे यह बताने की आवश्यकता नहीं, कि दूसरा वर भी आपने ही मांगा होगा और उसमें आपने भैया राम को वनवास दिलवा दिया। इसके लिए तो पिता महाराज ने नाना को आपके विवाह के समय निश्चय ही कोई आश्वासन नहीं दिया होगा।'

भरत जी ऐसा कहते हुए अत्यंत क्षोभ और पीड़ा से भर उठे।

(त्रुटि सुधार : मन में बसे हैं राम के पिछले अंक 397 में 'पहला/पहले वचन' इस वाक्यांश को 'एक वचन' पढ़ा जाए। साथ ही 'दूसरा वचन' के स्थान पर 'अन्य वचन' पढ़ा जाए।)

(भगवान श्री राम की प्रेरक गाथा विश्व की अनेक भाषाओं की शताधिक रामायणों में लिखी गई है।इस कृतज्ञ लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने विविध प्रसंगों में अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## ज्ञानामृत

### पिता की सीख

किसी गांव में एक किसान रहता था। उसके चार बेटे थे। वे सभी आलसी थे। कोई भी खेती-किसानी में हाथ नहीं बंटाता था। किसान दिन-रात चिंता में डूबा रहता। वह सोचता कि मेरे न रहने के बाद इनका क्या होगा ? समय बीतता गया। किसान बूढ़ा हो चला। एक दिन वह बीमार पड़ गया। ऐसे समय में उसे फिर अपने बेटों की चिंता सताने लगी।

उसने सोचा कि कैसे इन्हें काम के महत्व का अहसास कराया जाए। उसने चारों बेटों को पास बुलाया और कहा कि मैंने सोने से भरा एक कलश बाग वाले खेत में कहीं गाड़ दिया है। ठीक-ठीक स्थान मुझे अब याद नहीं, पर वह जरूर उसी खेत में कहीं दबा है।"

इतना कहने के बाद किसान की आखिरी सांस निकल गई। चारों बेटों ने दुखी मन से अपने पिता का अंतिम संस्कार किया। जब शोक का समय बीता तो उन्हें पिता की कही बात याद आई। सोने के लालच में उन्होंने खेत खोदने का निश्चय किया। अगले दिन से ही सभी ने मिलकर खेत में खुदाई करनी शुरू कर दी। एक-एक इंच जमीन को खोद डाला, परंतु कलश नहीं मिला

हफ्तों की मेहनत के बाद भी कुछ हाथ न लगा लेकिन इस कोशिश में उन्होंने पूरा खेत अच्छी तरह से जोत डाला था। अब उन्होंने सोचा कि इतनी मेहनत की है तो क्यों न बीज बो दिए जाएं? उन्होंने खेत में बीज बो दिए। समय पर पानी भी दिया, जब फसल तैयार हुई तो खेत में पहले से कई गुना अधिक उपज हुई। अन्न इतना निकला कि न केवल उन्होंने बेचकर अच्छा धन कमाया, बल्कि गांव में उनका सम्मान भी बढ़ गया।

अब चारों भाइयों को समझ में आ गया कि पिता जी असल में क्या सिखाना चाहते थे। उन्होंने कोई धन जमीन में नहीं गाड़ा था, बल्कि वह अपने बेटों के भीतर छुपी मेहनत की शक्ति को जगाना चाहते थे।

## सामायिक चर्चा

### समय होत बलवान

बानी बोले - ''सुनिए गजाधर!
आप के लिए भले न हो
पर 'आप' के लिए है
यह खुश खबर -
सुनिए दिल्ली की एक अदालत ने
शुक्रवार को कथित
आबकारी नीति घोटाले से जुड़े
भ्रष्टाचार मामले में
पूर्व मुख्यमंत्री, पूर्व आम आदमी पार्टी के
संयोजक अरविन्द केजरीवाल और
पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोधिया के साथ
अन्य 21 आरोपियों को बरी करते हुए
सीबीआई के जॉच अधिकारी के खिलाफ
विभागीय जॉच कराने का आदेश दिया।
गजाधर ! अब प्रतिक्रिया ?''
गजाधर मुस्कराए, बोले - ''बानी!
मेरी बात पर तुम दो ध्यान -
मनुज नहीं होत है,
समय होत बलवान ।
शनिवार,28 फरवरी 2026



गिरीश बख्शी

## कविता

### //करले सत्कर्म, फिर शांति, शांति//

मन में भरा हो, मोह, माया और क्रांति,
लालच, छल, कपट का है भंडार,
तनिक नहीं डर, अपने काले कर्मों का,
वाह रे सफेद आदमी, कहता है शांति, शांति।।
तू करले अपनों से दगाबाजी, चालबाजी,
उपर वाला, सब देख रहा है,
तेरे काले कर्मों का, करेगा हिसाब,
तन में लपेटकर रंगहीन वसन, कहता है शांति, शांति।।
करले जतन, करले यतन, भांति-भांति,
याद रख, तुझे नहीं मिलेगी कभी शांति,
दिखावे का करता है तू, देवध्यान,
रंगहीन वसन, संगीन व्यसन से होगा तू अशांति, अशांति।।
कण-कण, पग-पग,रग-रग,
घर-घर में है भगवान,
करता जा तू सत्कर्म,
तभी मिलेगी तुझे, शांति, शांति।।
मन कहीं, तन कहीं, आत्मां में रहेगी अशांति,
तू अपनों को देखकर, रहेगा भयाक्रांत,
तू लाख जतन कर, तू रहेगा हमेशा अशांत,
कर अच्छे कर्म, उपर वाले को देख,
फिर कर शांति, शांति।।

**रामलाल साहू,
कलेवा
राजनांदगांव**




नादिया: होली समारोह के दौरान गुलाल से खेलतीं छात्राएं।

## राशिफल

**मेष** — सुखद ग्रह स्थिति बनी हुई है। इसलिए आज अपने जरूरी कामों पर खास ध्यान दें। किसी लक्ष्य को पाने के लिए किए गए आपके प्रयास सफल हो सकते हैं। विद्यार्थियों की पढाई में रुचि बढ़ेगी और उसका अच्छा परिणाम भी मिलेगा। दिन भर आप अपने कामों को सही दिशा देने में सफल रहेंगे।

**वृष राशि** — पारिवारिक और निजी कामों के बीच अच्छा संतुलन बना रहेगा। आपका सामाजिक दायरा बढ़ेगा और प्रभावशाली लोगों से संपर्क बनेंगे। भावनात्मक रूप से आप खुद को मजबूत महसूस करेंगे। प्रापर्टी से जुडी कोई पुरानी परेशानी हल हो सकती है। नेगेटिव- निजी कामों के साथ सामाजिक जिम्मेदारियों पर भी ध्यान देना जरूरी है।

**मिथुन** — सामाजिक और समिति से जुडी गतिविधियों में अपना योगदान जरूर दें। इससे संपर्क बढ़ेंगे और आपकी पहचान मजबूत होगी। साथ ही अपने लक्ष्य पर पूरा फोकस रखें, सफलता जरूर मिलेगी। फाइनेंस के मामलों में दिन फायदेमंद रह सकता है। नेगेटिव- प्रापर्टी से जुडा कोई काम चल रहा है, तो बहुत सावधानी रखें।

**कर्क** — सकारात्मक और अनुभवी लोगों के साथ रहने से आपके मन में अच्छे विचार आएंगे और मनोबल बढ़ेगा। कोई नजदीकी यात्रा लाभदायक रह सकती है। घर के बदलाव या नवीनीकरण की योजना को आगे बढ़ाते समय वास्तु के नियमों का ध्यान रखना फायदेमंद रहेगा। किसी नजदीकी रिश्तेदार के साथ संबंध खराब हो सकते हैं।

**सिंह** — घर बदलने या घर से जुडी कोई योजना है, तो उसे आगे बढ़ाने के लिए समय अच्छा है। वरिष्ठ लोगों के आशीर्वाद से आपका लंबे समय से अटका कोई काम पूरा हो सकता है। ससुराल पक्ष से संबंधों में भी मधुरता आएगी। नेगेटिव- भावनाओं में बहकर लिया गया फैसला गलत पड़ सकता है। बेहतर होगा कि व्यवहारिक नजरिया बनाए रखें।

**कन्या** — दिनचर्या व्यवस्थित रहेगी और समय पर काम पूरे होते जाएंगे। कोई समस्या आने पर किसी मित्र या रिश्तेदार की सलाह आपके लिए फायदेमंद साबित होगी। नेगेटिव- कोर्ट केस या कानूनी मामले में लापरवाही न करें, वरना मामला अटक सकता है। कोई दिक्कत आने पर घर के वरिष्ठ लोगों से सलाह लेना अच्छा रहेगा।

**तुला** — आज आप अपनी किसी खास जिम्मेदारी को अच्छी तरह निभाएंगे। आपकी कार्यकुशलता से उम्मीद के मुताबिक लाभ मिलेगा। प्रापर्टी की खरीद-फरोख्त से जुडी योजना को आगे बढ़ाने का यह सही समय है। नेगेटिव- फाइनेंस से जुडा कोई भी फैसला बहुत सोच-समझकर लें। माता के स्वास्थ्य को लेकर चिंता रह सकती है।

**वृश्चिक** — दूसरों की बात ध्यान से सुनें और उन्हें महत्व दें। किसी के मार्गदर्शन से लंबे समय से चली आ रही चिंता और तनाव कम होगा। भाइयों के साथ संबंध मधुर रखने से घर का माहौल और अच्छा बनेगा। नेगेटिव- कोई पेमेंट रुक जाने से मन खिन्न हो सकता है। नकारात्मक स्थिति में गुस्से और आवेश पर कंट्रोल रखें।

**धनु** — समय का सही इस्तेमाल आपकी दिनचर्या को व्यवस्थित रखने में मदद करेगा। कुछ लोग जलन के कारण आपके रास्ते में रुकावट डालने की कोशिश करेंगे, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिलेगी। आर्थिक योजनाओं को मजबूत बनाने के लिए किए गए प्रयास सफल होंगे। नेगेटिव- हर काम में अपनी क्षमता पर भरोसा रखना जरूरी है।

**मकर** — आज दिन का अधिकतर समय धार्मिक या आध्यात्मिक गतिविधियों में बीत सकता है। किसी काम में आपके अच्छे योगदान की वजह से सम्मान भी मिल सकता है। विद्यार्थियों को प्रतियोगिता की तैयारी में गुरुजनों का पूरा सहयोग मिलेगा। नेगेटिव- किसी उपलब्धि को पाने के लिए जिद या ईगो ठीक नहीं है। धैर्य रखें।

**कुंभ** — निजी परेशानियों को सुलझाने में किसी शुभचिंतक का मार्गदर्शन मिलेगा और आपकी समस्या काफी हद तक हल हो सकती है। उधार दिया हुआ पैसा वापस मिलने की संभावना है। समाजसेवा या लोगों के काम आने वाली गतिविधियों में आपका योगदान रहेगा। विद्यार्थियों का पढ़ाई में लापरवाह होना ठीक नहीं है।

**मीन** — आज फोन कॉल से कोई जरूरी सूचना मिल सकती है। पिछले कुछ समय से चल रही पारिवारिक समस्या का समाधान होगा, जिससे आप तनावमुक्त होकर अपने निजी कामों पर ध्यान दे पाएंगे। ज्यादा देर सोचने या तनाव लेने की वजह से कोई महत्वपूर्ण काम हाथ से निकल सकता है। इसलिए शांत रहकर समस्या का हल निकालने की कोशिश करें।

# नगर पंचायत डोंगरगांव की डिजिटल छलांग : अब घर बैठे जमा होगा टैक्स, मौके पर मिलेगी ऑनलाइन रसीद




**ब्लूटूथ प्रिंटर से लैस कर्मचारी वसूल रहे हैं कर, पारदर्शिता बढ़ने से गड़बड़ी और शिकायतों पर लगेगी लगाम**

डोंगरगांव (दावा)। नगर पंचायत डोंगरगांव व्दारा तकनीकी रूप से नवाचार को अपनाते हुए आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो रहा है. निकाय के राजस्व कर्मचारियों द्वारा घर-घर संपर्क कर ऑनलाइन माध्यम से मोबाइल के द्वारा कर संग्रहण किया जा रहा है। जिसकी रसीद मोबाइल के साथ जुड़ी हुई ब्लूटूथ डिवाइस से प्रिंट कर मौके में ही प्रदाय की जा रही है। ऑनलाईन टेक्स संग्रहण के माध्यम से हितग्राहियों से आने वाली शिकायतों में कमी आने की संभावना है। इस नवाचार से हितग्राहियों में भी संतुष्टी देखी जा रही है। जिसमें ऑन लाईन भुगतान के तुरंत बाद मौके पर ही उन्हें रसीद प्राप्त हो रहा है और करदाताओं के पंजीकरण नंबर पर जमा राशि दिख रही है। इससे रसीद नहीं मिलने या नलकर, सम्पत्ति कर और समेकित कर का भुगतान दोबारा करने की शिकायतों की मुक्ति के साथ ही ऑनलाईन के माध्यम से पूरी रकम निकाय के खाते में पहुंचेगी। जिससे कर्मचारियों द्वारा की जाने वाली लापरवाही या अनियमितता से भी निजात मिलने की संभावना है। हालाकि इस नवाचार से कर संग्रहण करने वाले कर्मचारियों में झुझलाहट साफ देखा जा सकता है, किन्तु समय के साथ यह सिस्टम सभी के लाभदायक और कारगर साबित होगा।

# नन्हें नौनिहालों का दीक्षांत समारोह : पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय खैरागढ़ में बालवाटिका-3 के बच्चों को मिले



खैरागढ़ (दावा)। स्थानीय पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय खैरागढ़ में 27 फरवरी को बालवाटिका-3 के नन्हे विद्यार्थियों के लिए दीक्षांत समारोह का गरिमामय आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर विद्यालय का वातावरण उल्लास और मासूमियत से सराबोर रहा। जहां नन्हे बच्चों ने प्राथमिक शिक्षा का अपना पहला पड़ाव पार किया। समारोह में बालवाटिका के सभी विद्यार्थी अपनी आकर्षक और रंग-बिरंगी वेशभूषा में पहुंचे थे। अपनी पहली शैक्षणिक सफलता का प्रमाण पत्र लेने के लिए इन नौनिहालों में भारी उत्साह और उत्सुकता देखी गई। प्राचार्य श्री अंजय कुमार की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों को बारी-बारी से मंच पर बुलाकर प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य अंजय कुमार ने बच्चों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि इन नन्हे विद्यार्थियों ने पिछले एक वर्ष में खेल-खेल के माध्यम से बहुत कुछ सीखा है। आज ये बच्चे अपनी प्राथमिक शिक्षा की अगली सीढ़ी पर चढ़ने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। विद्यालय परिवार इनके सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

# बालोद : यातायात प्रभारी रविशंकर पाडेय अलर्ट मोड में, 'सेफ होली' के लिए सघन चेकिंग शुरू



**रविशंकर पांडेय का साफ संदेश-नाबालिग ड्राइविंग और नशे में वाहन चलाना बर्दाश्त नहीं**

बालोद (दावा)। जिले में होली पर्व को सुरक्षित और शांतिपूर्ण बनाने के लिए यातायात विभाग ने विशेष अभियान शुरू कर दिया है। नियम तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। खासकर नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने और नशे की हालत में ड्राइविंग करने वालों पर पुलिस की पैनी नजर है। अधिकारियों के सख्त निर्देश पर कार्रवाई-यातायात प्रभारी रविशंकर पांडेय ने बताया कि पुलिस अधीक्षक और उप पुलिस अधीक्षक के सख्त निर्देश पर पूरे जिले में व्यापक चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। मुख्य मार्गों, चौक-चौराहों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में पुलिस की तैनाती बढ़ा दी गई है। यदि कोई नाबालिग मोटरसाइकिल या अन्य वाहन चलाते हुए पकड़ा जाता है, तो संबंधित परिजनों पर चलानी और कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बच्चों की सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। नशे में वाहन चलाने वालों की खैर नहीं-होली के दौरान अक्सर नशे की घटनाएं बढ़ जाती हैं। इसे देखते हुए पुलिस ने चेतावनी दी है कि जो भी व्यक्ति शराब या अन्य नशे की हालत में मोटरसाइकिल, कार या ट्रक चलाते हुए पाया जाएगा। उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जरूरत पड़ने पर वाहन जब्त करने की भी प्रक्रिया अपनाई जाएगी।

### त्योहार खुशियों के साथ मनाने की अपील

प्रशासन का उद्देश्य दंड देना नहीं, बल्कि दुर्घटनाओं को रोकना और हर परिवार को सुरक्षित रखना है। ताकि कोई भी परिवार दुर्घटना या अनहोनी के कारण दुखी न हो और सभी लोग अपने प्रियजनों के साथ सुरक्षित माहौल में होली मना सकें। यातायात प्रभारी ने जिलेवासियों से अपील की है कि यातायात नियमों का पालन करें नाबालिग बच्चों को वाहन न चलाने दें नशा-पान से दूरी बनाए रखें हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें।

## पहला कॉलम...

# भक्ति और श्रद्धा से शिवमय हुआ आमाटोला, विधायक भोलाराम साहू हुए शामिल




अम्बागढ़ चौकी (दावा)। ग्राम सिंघाभेड़ी हाड़ीटोला (आमाटोला) में आयोजित श्री शिव महापुराण कथा के भव्य समापन अवसर पर क्षेत्र का वातावरण पूर्णतः शिवमय हो उठा। कार्यक्रम का आयोजन पूर्व विधायक गोवर्धन तेजकुंवर नेताम के निवास पर किया गया, जिसमें खुज्जी विधानसभा के विधायक भोलाराम साहू श्रद्धाभाव से शामिल हुए।

विधायक श्री साहू ने विधिवत कथा श्रवण कर भगवान शिव से क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज में नैतिक मूल्यों, संस्कारों तथा आपसी सद्भाव को सुदृढ़ करते हैं। शिव महापुराण की कथा केवल आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार ही नहीं करती, बल्कि समाज को एक सूत्र में पिरोने का कार्य भी करती है।

समापन अवसर पर पूरे ग्राम में भक्ति का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। कथा पंडाल में श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति ने आयोजन को अत्यंत भव्य और दिव्य बना दिया। ग्रामीणों ने श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ कार्यक्रम में सहभागिता निभाई। इस अवसर पर पूर्व मंत्री गोवर्धन नेताम, पूर्व विधायक तेजकुंवर नेताम, जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) राजनांदगांव के अध्यक्ष विपिन यादव, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुमरदा के अध्यक्ष प्रताप घावडे, जिला महामंत्री चुम्मन साहू, प्रवक्ता कांग्रेस कमेटी राहुल तिवारी, दयाशंकर तिवारी, लक्ष्मण सिन्हा, पूनमचंद साहू, बिसंबर साहू सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# खैरागढ़ महाविद्यालय में युवा संसद का आयोजन



खैरागढ़ (दावा)। मेरा युवा भारत खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई के द्वारा रानी रश्मि देवी सिंह शासकीय महाविद्यालय खैरागढ़ में प्राचार्य डॉ.ओ.पी.गुप्ता के कुशल नेतृत्व में 'आपातकाल के पचास वर्ष-लोकतंत्र के लिए सबक' विषय पर एक दिवसीय कार्यक्रम संपन्न। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्जवलन एवं अतिथि सत्कार से हुआ। संस्था प्रमुख डॉ. ओपी गुप्ता ने स्वागत उद्बोधन में बताया कि, भारत को कैसे विकास की सीढ़ी में आगे बढ़ाया जा सकता है। मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष खैरागढ़ गिरिजा चंद्राकर ने कार्यक्रम के लिए महाविद्यालय परिवार और जिले के अन्य महाविद्यालय के विद्यार्थियों, प्राध्यापकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

इस गरिमामय कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मोनिका रजक, अध्यक्ष जनभागीदारी समिति नवीन शासकीय कन्या महाविद्यालय खैरागढ़, डॉ. जयती विश्वास, प्राचार्य शासकीय वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी महाविद्यालय छुईखदान, देविन कोठले पार्षद नगर पालिका खैरागढ़ एवं तपन कुमार साहू कार्यक्रम सहायक, मेरा युवा भारत राजनांदगांव उपस्थित रहे। प्रथम तकनीकी सत्र में विभिन्न विद्यार्थियों के द्वारा आपातकाल विषय पर अपनी प्रतिभा दिखाते हुए अद्भुत साहस का परिचय दिया।

यह कार्यक्रम डॉ.जितेन्द्र कुमार साखरे के संयोजन में संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में 120 छात्र-छात्राओं ने आनलाइन लिंक के माध्यम से पंजीकृत हुए थे। जिसमें से 30 प्रतिभागियों ने भौतिक रूप से अपनी उपस्थिति दी।

इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर देवेन्द्र पटेल, द्वितीय स्थान दुर्गेश्वर जंघेल, तीसरे स्थान पर टिकेंद्र वर्मा, चौथे स्थान पर गीतेश पटेल और पांचवें स्थान पर मधु कोसरे रही। विजेता प्रतिभागी राज्य स्तरीय युवा संसद 2026 प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस कार्यक्रम में दोनों ही महाविद्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. उमेंद कुमार चंदेल ने एवं आभार प्रदर्शन यशपाल जंघेल ने किया।

# भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने की मंडल पदाधिकारियों की घोषणा : भीषम को डोंगरगांव की कमान



**जिलाध्यक्ष दिलीप साहू ने जारी की सूची; राजनांदगांव उत्तर, दक्षिण सहित ग्रामीण मंडलों में नई टीम तैयार**

डोंगरगांव (दावा)। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल के जिलाध्यक्ष ने अपने मंडल की पूरी टीम की सूची जारी की है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू के मार्गदर्शन एवं जिला राजनांदगांव के अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत की अनुशंसा से पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष दिलीप साहू ने अपने मंडल अध्यक्ष एवं महामंत्री सहित टीम घोषित की।

जारी सूची के अनुसार राजनांदगांव उत्तर मंडल अध्यक्ष दुर्रेंद्र साहू महामंत्री हरीश साहू, धनेश्वर दास मानिकपुरी बनाए गए हैं। इसी तरह राजनांदगांव दक्षिण मंडल अध्यक्ष अरुण साहू को नियुक्त किया गया है। वहीं महामंत्री अरुण देवांगन, मोहन सिन्हा बनाए गए हैं। इसी तरह राजनांदगांव ग्रामीण पूर्व मंडल अध्यक्ष खुमान साहू महामंत्री किशोर साहू, जागेश्वर साहू, राजनंदगांव ग्रामीण पश्चिम मंडल में अध्यक्ष की जिम्मेदारी लालाराम देवांगन को और संतोष साहू, छत्रपाल वर्मा को महामंत्री की जिम्मेदारी दी गई है। डोंगरगढ़ शहर मंडल अध्यक्ष चितरंजन साहू महामंत्री राकेश देवांगन, अक्षय यादव डोंगरगढ़ ग्रामीण मंडल अध्यक्ष दिनेश कुमार वैष्णव महामंत्री शैलेश महोबिया, योगेश साहू, तिलई मंडल अध्यक्ष महेश सेन महामंत्री तारण साहू, गणेश राम साहू बनाए गए हैं। इसके अलावा घुमका मंडल अध्यक्ष धरमु साहू महामंत्री खिलावन दास, रोमन वर्मा बनाये गए हैं।

डोंगरगांव मंडल की जिम्मेदारी अध्यक्ष भीषम कुमार साहू, महामंत्री अजय कौशिक, टीलेंद्र देवांगन को दी गई है। तुमड़ीबोड़ मंडल में अध्यक्ष दिनेश यादव महामंत्री जीवनधन वर्मा, टेकराम साहू व अर्जुनी मंडल में अध्यक्ष देवलाल साहू महामंत्री डोमन पटेल, मोहन साहू बनाए गए हैं। इधर मुसरा मुरमुंदा मंडल की जिम्मेदारी अध्यक्ष रामावतार वर्मा महामंत्री हनुमान सिंह, पुकेश्वर वर्मा, लाल बहादुर नगर में देवेंद्र सुलाखे महामंत्री मदन चक्रवर्ती, दुर्गेश साहू को सौंपी गई है। इसके अलावा छुरिया मंडल में अध्यक्ष देवानंद सहारे महामंत्री रमेश पाल, महेश साहू, कुमर्दा मंडल अध्यक्ष किशुन साहू, महामंत्री डोमन साहू, लिलेश देवांगन, गैंदाटोला मंडल अध्यक्ष में रोशन वैष्णव महामंत्री दरबार साहू व विक्रम निषाद बनाए गए हैं।

# कृषक उन्नति योजना अंतर्गत आदान सहायता राशि वितरण समारोह सह किसान सम्मेलन सम्पन्न



डोंगरगढ़(दावा)। राज्य शासन की महत्वाकांक्षी कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत लाभार्थीयो को आदान सहायता राशि वितरण समारोह दिनांक 28/02/2026 को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की उपस्थिति में राज्य स्तरीय कार्यक्रम विकासखंड बिल्हा, जिला बिलासपुर में आयोजित किया गया। जिसका सीधा प्रसारण कृषि उपज मंडी डोंगरगढ में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सचिन बघेल अध्यक्ष जिला सहकारी केंद्रीय बैंक राजनांदगांव, श्रीमति किरण साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत राजनांदगांव, श्रीमति अनिता मंडावी जिला पंचायत सदस्य राजनांदगांव, श्रीमति लता अजय सिन्हा जनपद अध्यक्ष, हीरा राम वर्मा उपाध्यक्ष जनपद पंचायत डोंगरगढ, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमति भगवती साहू एवं अन्य जनप्रतिनिधि गण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ किया गया। इसके पश्चात कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत पात्र कृषकों को आदान सहायता राशि का प्रतीकात्मक वितरण एवं श्रीफल,साल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कुल 32161 किसानों को 12408.35 लाख की सहायता राशि शासन द्वारा उनके खाते में हस्तांतरण की गई। सचिन बघेल द्वारा अपने संबोधन में कहा कि कृषक उन्नति योजना का उद्देश्य किसानों की आय में वृद्धि करना तथा उन्हें उन्नत बीज, खाद, कीटनाशक एवं अन्य कृषि आदानों की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। शासन किसानों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है तथा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा रहा है।कार्यक्रम में कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा आधुनिक खेती की तकनीकों, उन्नत किस्म के बीजों के उपयोग, जैविक खेती, फसल बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। किसानों को खेती में नवीन तकनीक अपनाने एवं उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि/अधिकारी कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। कार्यक्रम का नोडल अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी राजनांदगांव, मंच संचालन जीवन लाल चंद्रवंशी द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी होतम सिंह रावत ने किया।

# शांति समिति की बैठक : होली से पहले प्रशासन अलर्ट मुखौटों व डीजे पर प्रतिबंध, ट्रैफिक व्यवस्था सख्त




**नशे की हालत में गाडी चलाने वालो की खैर नहीं**

खैरागढ़ (दावा)। होली पर्व और रमजान महीने को ध्यान में रखते हुए शुक्रवार 27 फरवरी को खैरागढ़ थाना परिसर में शांति समिति की महत्वपूर्ण बैठक एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू और थाना प्रभारी अनिल शर्मा की उपस्थिति में आयोजित की गई। बैठक में वरिष्ठ नागरिकों तथा पत्रकारों की उपस्थिति रही। शांति समिति की बैठक के दौरान नागरिकों और पत्रकारों से मिले सुझावों के आधार पर प्रशासन ने त्योहारों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कई अहम निर्णय लिए। एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू ने स्पष्ट किया कि होली के पूर्व बाजारों में बढ़ने वाली भीड़ को देखते हुए इस बार यातायात व्यवस्था पर विशेष निगरानी रखी जाएगी।

सड़क किनारे अव्यवस्थित पार्किंग करने वाले वाहनों को जब्त किया जाएगा तथा वाहन चालकों पर कार्रवाई भी की जाएगी। नगर पालिका को दिए निर्देश होली से संबंधित रंग, पिचकारी और अन्य सामग्री बेचने वाली दुकानों को सड़क से निर्धारित दूरी पर ही लगाया जाए और दुकानदारों के लिए जगह निर्धारण के लिए चूने से मार्किंग की जाए। तय सीमा का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

त्योहार के दौरान सड़क सुरक्षा को लेकर भी प्रशासन सख्त दुपहिया वाहनों पर तीन सवारी बैठाने तथा शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही होली पर मुखौटे पहनने व बेचने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया गया है। नगर पालिका को ऐसे मुखौटों की जब्ती के निर्देश भी दिए गए हैं। 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए होली के दौरान डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध है। यदि कहीं डीजे बजता पाया गया तो उसे तत्काल जब्त कर संबंधित लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस प्रशासन ने नगरवासियों से अपील की है कि वे होली पर्व और रमजान महिने के दौरान आपसी सौहार्द और शांति बनाए रखें। साथ ही चेतावनी दी गई कि शांति व्यवस्था भंग करने वाले तत्वों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# शहीद संदीप यदु के शहादत दिवस पर उमड़ा जनसैलाब : महापौर व जनप्रतिनिधियों ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि



राजनांदगांव (दावा)। अमर जवान शहीद संदीप यदु के शहादत दिवस के अवसर पर 28 फरवरी को हाट बाजार स्थित उनकी प्रतिमा स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में महापौर मधुसूदन यादव ने छग बीस सूत्रीय क्रियान्वयन समिति के पूर्व उपाध्यक्ष खूबचंद पारख, पूर्व मण्डी उपाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, उनकी माता श्रीमती कुमारी बाई यदु, धर्मपत्नी श्रीमती गिरजा यदु तथा उनके परिजनों की उपस्थिति में शहीद यदु की प्रतिमा में माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किये। महापौर सहित महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य राजेश जैन रानू, श्रीमती केवरा राय, पार्षद जैनम बैद, सतीश साहू, अरूण साहू, पूर्व पार्षद श्रीमती मधु बैद, श्री विजय राय, बसंतपुर थाना प्रभारी एमन साहू, यादव समाज के अध्यक्ष उपेन्द्र यादव के अलावा नागेश यदु ने भी शहीद संदीप यदु की प्रतिमा में पुष्पांजली अर्पितकर उन्हे श्रद्धांजली दिए। महापौर सहित खूबचंद पारख, कोमल सिंह राजपूत ने शहीद संदीप यदु को श्रद्धांजली देते हुए अपने विचार रखे। महापौर ने कहा कि हमारे नगर का जवान जो आरक्षक के पद पर कार्यरत था। वे आज ही के दिन दंतेवाड़ा के नकुलनार-बचेली मार्ग पर हुए नक्सली हमले में शहीद हो गए थे। छत्तीसगढ़ की धरती उनका ऋण कभी नहीं चुका सकती। हमरे जवान शरहद में जाकर देश की सुरक्षा के लिए डटे रहते है और लड़ते हुए वीर गति को प्राप्त कर लेते है। श्री यदु ने भी देश और प्रदेश के लिये अपने प्राणों को न्योछावर कर दिए।

श्री पारख ने कहा कि श्री यदु ने देश के लिए शहीद होकर वार्ड एवं नगर ही नहीं बल्कि प्रदेश व देश का नाम रोशन किया है। उनकी कुर्बानी व्यर्थ नही जाएगी। वर्तमान समय में हमारे छत्तीसगढ प्रदेश से नक्सलियों का सफाया होने की कगार में है। बड़े-बड़े नक्सली खत्म हो रहे है और कुछ आत्म समर्पण कर रहे है। श्री राजपूत ने कहा कि अल्प समय में देश सेवा के लिए प्राण न्योछावर करने वाले शहीद कहलाते है। इन्ही शहीदों में हमारे नगर के वीर पुत्र संदीप यदु का नाम आता है। मैं पुनः उन्हे श्रद्धांजली अर्पित करता हूॅ। अतिथियों ने भी शहीद संदीप यदु के शहादत को याद कर अपनी श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस अवसर पर शहीद यदु के परिजन सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

# जहाँ गौ का सम्मान है, वहीं राष्ट्र का उत्थान है - जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा



छुरिया (दावा)। छुरिया जनपद पंचायत में छत्तीसगढ़ सरकार के सबसे बड़ी महत्वाकांक्षी योजना गौ धाम समिति की बैठक जनपद अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में संपन्न हुई । इस बैठक में मुख्यरूप रूप से विजय कोठारी तहसीलदार,होरी लाल साहू सी.ई.ओ जनपद छुरिया,सुश्री उपासना चंद्राकर सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी, जीवन जांघेल, वेद यादव,पडोटी, सरपंचगण उपस्थित रहे। श्री सिन्हा ने बैठक में चर्चा के दौरान बताया कि हमारे देश में गाय को माता का दर्जा दिया गया है। सरकार के मंशानुरूप छुरिया विकासखंड में 10 स्थानों पर गौ धाम (गौशाला) संचालन को लेकर चर्चा की गई, उक्त बैठक में क्षेत्रीय बसाहट के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग, स्टेट हाइवे को दृष्टिगत रखते हुए,स्थल का चयन मौका निरीक्षण व उपलब्ध सुविधाएं,जमीन की उपलब्धता को भौतिक निरीक्षण के आधार पर चयन किया जावेगा ।सरकार की इस योजना से अवगत कराते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में गौ सेवा को पुण्य कार्य बताया है। लेकिन समय के साथ सड़कों पर घूमते निराश्रित गौवंश की समस्या अधिक बढ़ी है। इससे किसानों की फसलों को नुकसान होता है और सड़क दुर्घटनाओं की आशंका भी रहती है। इन सभी समस्याओं के समाधान के लिए सरकार द्वारा गौ धाम योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य है निराश्रित और घुमंतू गौवंश को सुरक्षित आश्रय प्रदान करना, उनके चारा, पानी और चिकित्सा की उचित व्यवस्था करना तथा उनके संरक्षण के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना हमारी सरकार की मंशा है। गौ धाम संचालन करने के लिए उक्त स्थान पर शेड निर्माण, चारे की व्यवस्था, स्वच्छ पानी, पशु चिकित्सक की सुविधा और देखभाल के लिए कर्मचारियों की नियुक्ति की जाएगी । इससे गायों को सुरक्षित वातावरण मिलता है और किसानों को राहत मिलती है। साथियों, गौ धाम केवल एक आश्रय स्थल नहीं है, बल्कि यह आत्मनिर्भरता का भी माध्यम है। यहाँ गोबर से जैविक खाद और वर्मी कम्पोस्ट बनाई जाती है, जिससे किसानों को प्राकृतिक खेती में लाभ मिलता है। गौमूत्र से औषधीय एवं जैविक उत्पाद भी तैयार किए जा सकते हैं। इससे रोजगार के अवसर भी बढ़ते हैं।

यह योजना हमारी संस्कृति, पर्यावरण और अर्थव्यवस्था तीनों को मजबूत करने का कार्य कर रही है। हमें भी चाहिए कि हम गौ सेवा के इस कार्य में सहयोग करें, स्वच्छता बनाए रखें और गौ धाम को सफल बनाने में अपनी भागीदारी निभाएँ। अंत में उन्होंने कहा कि जहाँ गौ का सम्मान है, वहीं राष्ट्र का उत्थान है। गौ सेवा ही सच्ची सेवा है, यही हमारी पहचान है।

# आत्मनिर्भर डोंगरगांव नपं की अनदेखी : 85 निकायों को मिला वेतन बजट, पर बेहतर प्रबंधन वाले डोंगरगांव का नाम गायब

**प्रतिमाह नियमित वेतन भुगतान बनी उपलब्धि, जनप्रतिनिधियों ने कहा- पारितोषिक के रूप में मिलनी थी राशि**

डोंगरगांव (दावा)। नगर पंचायत डोंगरगाँव को नगर पालिका घोषित किये जाने के बाद नगर में खुशी की लहर देखी गई। किन्तु शासन व्दारा 25 फरवरी को निकाय के कर्मचारियों के लंबित वेतन भुगतान के लिए जारी सूची नगर पंचायत डोंगरगांव का नाम छोड़ दिया गया है।

सूची के अनुसार 85 निकायों को 5171.21 लाख रूपये की राशि निकाय के मासिक चुंगी से कटौती के शर्त पर निगमों को 35 प्रतिशत, नगर पालिकाओं से 20 प्रतिशत तथा नगर पंचायत से 10 प्रतिशत प्रतिमाह कटौती की जाएगी। वहीं आबंटित राशि का व्यय वेतन भुगतान के अतिरिक्त किसी अन्य प्रयोजन किये जाने के लिए प्रतिबंध लगाया गया है तथा आबंटित राशि के व्यय पश्चात उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रेषित करने के लिए आदेश दिया गया है।

बता दें कि नगर पंचायत डोंगरगांव में टेक्स वसूली कर तथा अन्य मदों से अपने कर्मचारियों का वेतन का भुगतान प्रतिमाह निरंतर भुगतान कर रहा है और जानकारी के अनुसार अब तक किसी भी कर्मचारी का भुगतान लंबित नहीं है। जो कि डोंगरगांव नगर पंचायत के लिए एक उपलब्धि है, लेकिन कुछ जनप्रतिनिधियों और बुद्धिजीवियों का मानना है कि निकाय को इस मद में कुछ राशि मिलने से निकाय की स्थिति और बेहतर होती। आत्मनिर्भर नगर पंचायतों को भी बतौर पारितोषक राशि जारी किया जाना चाहिए था, ताकि कर्मचारियों का मनोबल बना रहे।

# बालोद जिले के उमरादाह चौक में अवैध गतिविधियां, ग्रामीणों में आक्रोश



**शराब बिक्री और सार्वजनिक सेवन से बिगड़ रहा माहौल, प्रशासन से कार्रवाई की मांग**

बालोद (दावा)। जिले के ग्राम उमरादाह चौक में इन दिनों कथित अवैध गतिविधियों को लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखी जा रही है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि चौक जैसे सार्वजनिक स्थल पर खुलेआम शराब की बिक्री और सेवन किया जा रहा है। जिससे गांव का सामाजिक वातावरण प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यहां बिना अनुमति मुर्गी बिक्री भी संचालित हो रही है। जिससे गंदगी और अव्यवस्था की स्थिति बन रही है। सबसे अधिक चिंता युवाओं पर पड़ रहे दुष्प्रभाव को लेकर जताई जा रही है।

### ग्रामीणों ने क्या कहा?

ग्रामीणों के अनुसार शाम होते ही चौक पर शराबियों की भीड़ जुटने लगती है। इससे महिलाओं और बुजुर्गों को असुविधा होती है। कुछ लोगों ने नाम न प्रकाशित करने की शर्त पर बताया कि असामाजिक तत्वों की आवाजाही बढ़ने से विवाद की आशंका बनी रहती है।

### प्रशासन का पक्ष?

मामले को लेकर जब संबंधित विभाग से संपर्क करने का प्रयास किया गया, तो आधिकारिक प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हो सकी। हालांकि ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है। कानून व्यवस्था पर असर की आशंका स्थानीय समाजसेवियों का कहना है कि यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगाई गई तो क्षेत्र में कानून व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे उच्च अधिकारियों से शिकायत करेंगे। अब देखना यह है कि प्रशासन इस मामले को कितनी गंभीरता से लेता है और क्या ठोस कदम उठाए जाते हैं।

# एरिया कान्फ्रेंस प्रमाल्य का आयोजन आज होटल अमित इंटरनेशनल भिलाई में

डोंगरगढ़ (दावा)। द एसोसिएशन ऑफ वी क्लब्स आफ इंडिया के डिस्ट्रीक्ट 323-जी3 अपराजिता के एरिया 6 कात्यायनी की एरिया कान्फ्रेंस प्रमाल्य का आयोजन डिस्ट्रीक्ट प्रेसीडेंट डब्ल्यूई मनीषा सोनी के मुख्य आतिथ्य एवं एरिया आफीसर डब्ल्यूई उषा किरण शाह की अध्यक्षता में 1 मार्च 2026 को होटल अमित इंटरनेशनल भिलाई में संपन्न होने जा रहा है।

इसमें विशिष्ट अतिथि डिस्ट्रीक्ट की चार्टर फाऊंडर प्रेसीडेंट वी अनिता अग्रवाल, डिस्ट्रीकिट कैबिनेट एडवाईजर वी माधुरी पंडा डिस्ट्रीक्ट कैबिनेट सचिव सेवा गतिविधि/प्रशासनिक वी अलका अग्रवाल एवं वीअनुराधा द्विवेदी एवं माइक्रो चेयरपर्सन प्रमोटर वी लक्ष्मी यादव रहेगी। एरिया कान्फ्रेंस में एरिया 6 के क्लब भिलाई ग्रेट माँ बम्लेश्वरी डोंगरगढ एवं भिलाई अक्षरा द्वारा किये गये सेवाकार्यो के लिये एरिया आफीसर द्वारा पुरुस्कृत किया जायेगा। इस आयोजन में एरिया एडवाईजर, एरिया सचिव, क्लब पीएसटी एवं सभी क्लबों के सदस्य शामिल होंगे।

# दो साल से फरार रेलवे वारंटी गिरफ्तार, आरपीएफ ने रायपुर जेल भेजा



राजनांदगांव (दावा)। रेलवे मंडल सुरक्षा आयुक्त दीप चंद्र आर्य के दिशा-निर्देशन में राजनांदगांव रेलवे सुरक्षा बल ने बड़ी सफलता हासिल की है। आरपीएफ ने पिछले दो वर्षों से फरार चल रहे एक गैर-जमानती वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है।

आरपीएफ निरीक्षक व पोस्ट प्रभारी तरुणा साहू ने बताया कि अपराध क्रमांक 1090/2023 और रेल अधिनियम की धारा 174बी एवं 159 के तहत फरार आरोपी संतोष कुमार (34 वर्ष) निवासी नगपुरा (जिला दुर्ग) की लंबे समय से तलाश थी। मुखबिर की सटीक सूचना पर सहायक उप निरीक्षक डी.बी. मेश्राम एवं प्रधान आरक्षक राजेंद्र रायकवाड की टीम ने आरोपी को उसके निवास स्थान से विधिवत गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को आवश्यक वैधानिक कार्रवाई पूर्ण कर विशेष रेलवे न्यायालय रायपुर के समक्ष पेश किया गया। न्यायालय द्वारा जेल वारंट जारी किए जाने के बाद आरोपी को केंद्रीय जेल रायपुर भेज दिया गया है। रेलवे सुरक्षा बल ने रेल अधिनियम के उल्लंघन के मामलों में भी सख्ती दिखाई है। निरीक्षक तरुणा साहू ने जानकारी दी कि 26 फरवरी को ही विभिन्न धाराओं के तहत 19 अन्य व्यक्तियों के विरुद्ध विधि-सम्मत कार्रवाई की गई। इन सभी को नियमानुसार जमानत पर रिहा किया गया है। आरपीएफ का कहना है कि रेलवे परिसर में सुरक्षा, शांति और अनुशासन बनाए रखने के लिए इस तरह के प्रभावी अभियान भविष्य में भी निरंतर जारी रहेंगे।

# शांति और सौहाद्र के साथ मनाएं होली, हुड़दंगियों पर रहेगी पुलिस की पैनी नजर



**राजनांदगांव (दावा)। रंगों के महापर्व होली को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने कमर कस ली है। पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन में शुक्रवार 27 फरवरी को लालबाग थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।**

जिसमें पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के साथ सुरक्षा व्यवस्था पर विस्तृत चर्चा की।

बैठक में सीएसपी श्रीमती वैशाली जैन, प्रशिक्षु डीएसपी सुश्री सुमन जायसवाल, नायब तहसीलदार देविका ध्रुव एवं थाना प्रभारी रमेश पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहे। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि पर्व के दौरान कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। बैठक में लालबाग क्षेत्र के 29 ग्रामों के सरपंच, पार्षद और गणमान्य नागरिकों ने हिस्सा लिया।

### इन नियमों का करना होगा पालन

डीजे का संचालन शासन द्वारा निर्धारित ध्वनि मानकों और समय-सीमा के भीतर ही करना होगा। नियमों का उल्लंघन करने पर जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। शराब या गांजा पीकर हुड़दंग करने, मारपीट करने या असामाजिक गतिविधियों में शामिल होने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्रवाई होगी। किसी भी व्यक्ति की इच्छा के विरुद्ध उसे रंग न लगाने की अपील की गई है। साथ ही महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए हैं। फाग प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजकों को निर्देशित किया गया है कि वे अनुशासन बनाए रखें। किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या असामाजिक तत्व की सूचना तत्काल पुलिस को देने को कहा गया है।

# मोटर सायकल चोरी के दूसरे आरोपी को गोंदिया महाराष्ट्र से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया जेल

**आरोपियों द्वारा 06 मोटर सायकल को थाना कोतवाली एवं चिचोला क्षेत्र से किया गया था चोरी**



डोंगरगढ़(दावा)। मोटर सायकल चोरी के दूसरे आरोपी को पुलिस द्वारा गोंदिया (महाराष्ट्र) से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।एक आरोपी आरोपी पूर्व से गिरफ्तार होकर न्यायिक रिमांड पर जेल में निरूद्ध है। आरोपियों द्वारा 06 मोटर सायकल को थाना कोतवाली राजनांदगांव एवं चिचोला पुलिस चौकी क्षेत्र से चोरी किया था। गिरफ्तार आरोपी मिथुन गिरी रिघनार्थी पिता ईश्वर गिरी रिघनार्थी उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम कवडी पोस्ट अंजोरा तहसील आमगांव जिला गोंदिया (महाराष्ट्र) का है।

थाना कोतवाली क्षेत्र के अलग-अगल स्थानों से चोरी हुई मोटर सायकलों के प्रार्थीगणों द्वारा थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया था, जिसमें घटना दिनांक 15.02.2023 को 21:30 से 20:00 बजे के मध्य, घटना स्थल पतंजली दुकान ओव्हर ब्रिज के पास राजनांदगांव से मोटर सायकल ड्रिम योगा क्रमांक सीजी 08 व्ही- 8732 किमती 15,000 रूपये, घटना दिनांक 28.10.2024 को 22:30 से 13:25 बजे के मध्य घटना स्थल तथागत ट्योटोरियम के सामने भदौरिया चौक फ्लाई ओव्हर के नीचे राजनांदगांव से मोटर सायकल सीबी साईन क्रमांक सीजी 08 एडी-5527 किमती 30,000 रूपये, घटना दिनांक 22.03.2025 को 12:34 से 16:05 बजे के मध्य घटना स्थल भदौरिया चौक ओव्हर ब्रिज के नीचे राजनांदगांव से मोटर सायकल हिरो होण्डा साईन क्रमांक सी.जी. 08 ए.पी.-3461 किमती 25,000 रूपये, घटना दिनांक 18.09.2025 को 10:15 से 13:30 बजे के मध्य घटना स्थल कलेक्टेड कार्यालय के पिछले गेट के पास राजनांदगांव से बुलेट क्लासिक 350 सिल्वर कलर क्रमांक सी0जी0 08 ए0एच0- 6086 किमती 95,000 रूपये, घटना दिनांक 01.09.2025 को 23:00 बजे से 02.09.2025 के 08:00 बजे के मध्य घटना स्थल प्रार्थी के घर के नीचे बना मोटर सायकल पार्किंग जनता कॉलोनी लखोली राजनांदगांव से मोटर सायकल बुलेट स्टैर्ण्ड 350 सीजी 04 एल.व्ही.-0140 किमती 41,759 रूपये जुमला किमती 2,06,759 रूपये को कोई अज्ञात चोरी कर ले जाना बताया गया। कि प्रार्थियों के रिपोर्ट पर पृथक-पृथक अप.क्र. 141/23 धारा 379 भादवि., 689/24, 148/25, 543/25, 536/25 धारा 303 (2) भारतीय न्याय संहिता कायम कर विवेचना में लिया जाकर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया।

पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा (भा.पु.से.) के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर (रा.पु.से.) तथा नगर पुलिस अधीक्षक राजनादगांव अलेक्जेण्डर किरों (रा.पु0से0) के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक नंदकिशोर गौतम थाना प्रभारी कोतवाली एवं निरीक्षक विनय पम्मार प्रभारी सायबर सेल राजनांदगांव के नेतृत्व लगातार पतासाजी कर गोंदिया महाराष्ट्र पुलिस के सहयोग लेकर आरोपी संघर्ष सुभाष डोंगरे पिता सुभाष डोंगरे उम्र 18 वर्ष 10 माह साकिन कावड़ी पोस्ट अंजोरा तहसील आमगांव थाना साल्हेकसा जिला गांदिया महाराष्ट्र के कब्जे से मोटर सायकल ड्रिम योगा क्रमांक सी0जी0 08 व्ही-8732 किमती 15,000 रूपये, मोटर सायकल सी0बी0 साईन क्रमांक सी0जी0 08 ए0डी0-5527 किमती 30,000 रूपये, मोटर सायकल हिरो होण्डा साईन क्रमांक सी0जी0 08 ए0पी0-3461 किमती 25,000 रूपये, बुलेट क्लासिक 350 सिल्वर कलर क्रमांक सी0जी0 08 ए0एच0- 6086 किमती 95,000 रूपये एवं बुलेट स्टैर्ण्ड 350 सी0जी0 04 एल0व्ही0- 0140 किमती 41,759 रूपये जुमला किमती 2,06,759 रूपये को बरामद कर पांचों मामले में दिनांक 05.02.2026 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल में निरूद्ध है।

# राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत 'चिरायु योजना' ने दिया 2 वर्षीय भावेश को नया जीवन

**बालोद जिला प्रशासन की पहल से हृदय का सफल ऑपरेशन**



बालोद (दावा)। जिले में संचालित चिरायु टीम एक बार फिर मासूम जिंदगी के लिए संजीवनी साबित हुई है। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यरत 'चिरायु योजना' ने गुण्डरदेही विकासखंड के ग्राम बेलौदी निवासी 02 वर्षीय बालक भावेश साहू को जन्मजात हृदय रोग से मुक्ति दिलाकर नया जीवन प्रदान किया है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि 12 जून 2025 को चिरायु टीम बेलौदी के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 04 में नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के लिए पहुंची थी। इसी दौरान निरंजन साहू के पुत्र भावेश (उम्र 02 वर्ष) की जांच की गई। प्राथमिक परीक्षण में बच्चे की हृदय धड़कन असामान्य पाई गई तथा उम्र के अनुरूप शारीरिक विकास भी कम नजर आया। स्थिति को गंभीरता से लेते हुए टीम ने परिजनों की काउंसलिंग कर बच्चे को जिला अस्पताल बालोद रेफर किया।

जिला अस्पताल में शिशु रोग विशेषज्ञ द्वारा विस्तृत जांच के पश्चात भावेश में जन्मजात हृदय रोग की पुष्टि हुई। कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा के मार्गदर्शन में बेहतर उपचार हेतु बच्चे को रायपुर स्थित श्री सत्य साई संजीवनी अस्पताल रेफर किया गया।

अस्पताल में इको जांच के दौरान पता चला कि बच्चे के हृदय के निचले दो कक्षों के बीच छेद (वीएसडी) था तथा धमनियों के बीच अतिरिक्त रक्तवाहिका खुली हुई थी, जिससे फेफड़ों और हृदय पर अत्यधिक दबाव बन रहा था। चिकित्सकों की विशेषज्ञ टीम ने 10 फरवरी 2026 को ऑपरेशन की तिथि निर्धारित की और 19 फरवरी 2026 को सफल सर्जरी संपन्न की। उपचार के बाद 26 फरवरी 2026 को भावेश को स्वस्थ अवस्था में अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

सर्जरी के पश्चात भावेश अब पूरी तरह स्वस्थ है और उसका हृदय सामान्य रूप से कार्य कर रहा है। बच्चे के माता-पिता ने जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि चिरायु योजना उनके परिवार के लिए वरदान साबित हुई है। इस सफल उपचार में चिरायु टीम की डॉ. रीतिप्रभा बेलचंदन, आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ. इंद्र चंद्राकर, ऋषि चतुर्वेदी, नितिन एंड्रयूज एवं याद साहू का सराहनीय योगदान रहा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने कहा कि चिरायु टीम का उद्देश्य जिले के प्रत्येक बच्चे तक पहुंचकर जन्मजात विकारों की समय पर पहचान और उपचार सुनिश्चित करना है, ताकि कोई भी बच्चा गंभीर बीमारी के कारण जीवन से वंचित न हो।

# गोकुल नगर में फिर शुरू होगा गोबर गैस प्लांट महापौर ने आयुक्त के साथ किया औचक निरीक्षण



**वार्डवासियों की समस्या, जल आपूर्ति और सफाई दुरुस्त करने के दिए निर्देश**
**होटल व ठेला संचालकों को हिदायत : डस्टबिन रखें, वरना होगी कड़ी कार्रवाई**

राजनांदगांव (दावा)। शहर को स्वच्छता सर्वेक्षण में अव्वल लाने और जमीनी स्तर पर सफाई व्यवस्था को परखने के लिए महापौर मधुसूदन यादव और निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने शुक्रवार सुबह वार्डो का सघन दौरा किया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की टीम ने गोकुल नगर और नंदई क्षेत्र का निरीक्षण कर स्थानीय निवासियों की समस्याएं सुनीं और मौके पर ही निराकरण के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान गोकुल नगर वासियों ने पानी, गोबर प्रबंधन और साफ-सफाई की समस्या प्रमुखता से रखी। महापौर ने बंद पड़े गोबर गैस प्लांट को पुनः चालू करने के लिए निगम और क्रेडा (ऊर्जा विभाग) के अधिकारियों से चर्चा की। महापौर ने कहा कि प्लांट शुरू होने से निवासियों को गैस की सुविधा मिलेगी और गोबर का प्रबंधन भी बेहतर होगा। उन्होंने वार्डवासियों से अपील की कि वे गोबर को निर्धारित स्थल पर ही डालें।

### पानी की किल्लत दूर करने के निर्देश

वार्ड में पेयजल की समस्या पर संज्ञान लेते हुए महापौर ने तकनीकी अधिकारियों को बंद पडे बोरिंग की तत्काल मरम्मत कराने और नया पंप लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अगले माह होने वाले स्वच्छता सर्वेक्षण में सभी की भागीदारी जरूरी है, इसलिए गोकुल नगर को आदर्श और साफ-सुथरा बनाने में सहयोग करें। इसके पश्चात टीम नंदई पहुंची, जहां रोड और डिवाइडर के आसपास गंदगी मिलने पर महापौर ने नाराजगी जताई। उन्होंने सफाई अमले को निर्देशित किया कि मुख्य मार्गो से प्रतिदिन कचरा उठाकर पूर्ण सफाई सुनिश्चित की जाए। महापौर ने होटल और ठेला संचालकों को कड़ी समझाइश देते हुए कहा कि वे डस्टबिन का अनिवार्य रूप से उपयोग करें और सूखा-गीला कचरा अलग-अलग रखें। उन्होंने आयुक्त को निर्देश दिए कि निर्देशों का उल्लंघन करने वालों पर चालानी कार्रवाई की जाए। दौरे के दौरान पार्षद दुरेन्द्र साहू, सतीश साहू, अरूण साहू, पूर्व पार्षद विजय राय, सामाजिक कार्यकर्ता चिंटु सोनकर, जीवन चतुर्वेदी सहित निगम के वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

***तेहरान समेत 10 शहरों पर हमला,...***

ने मिलकर ईरान के आतंकवादी शासन द्वारा उत्पन्न अस्तित्वगत खतरे को समाप्त करने के लिए एक संयुक्त अभियान शुरू किया है। मैं अपने महान मित्र, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को उनके ऐतिहासिक नेतृत्व और समर्थन के लिए हृदय से धन्यवाद देता हूं। इस खूनी आतंकवादी व्यवस्था को कभी भी परमाणु हथियार हासिल नहीं करने दिए जाने चाहिए, क्योंकि इससे पूरी मानवता के लिए भयानक खतरा पैदा हो जाएगा। हमारा यह संयुक्त अभियान बहादुर ईरानी जनता के लिए अपनी किस्मत खुद तय करने का मार्ग प्रशस्त करेगा। हम एक साथ खड़े हैं, एक साथ लड़ेंगे और मिलकर इज़राइल की सुरक्षा को हमेशा के लिए सुनिश्चित करेंगे।

**संयुक्त सैन्य अभियान और तेहरान में भारी तबाही** : अमेरिकी और इजराइली अधिकारियों के अनुसार, यह हमला ईरान पर की गई एक सोची-समझी जॉइंट मिलिट्री कार्रवाई का हिस्सा है। तेहरान में एक साथ 30 अलग-अलग स्थानों पर रॉकेट दागे गए हैं, जिससे पूरी राजधानी धमाकों की आवाजों से दहल गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, तेहरान के डाउनटाउन इलाके में भारी धमाके हुए हैं और आसमान में धुएं का गुबार साफ देखा जा सकता है। इसके अलावा मेहराबाद एयरपोर्ट के पास भी कई विस्फोटों की आवाज सुनी गई है।

**परमाणु वार्ता के बीच 'प्रिवेंटिव अटैक' की रणनीति** : यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब अमेरिका और ईरान के बीच परमाणु हथियारों को सीमित करने को लेकर बातचीत चल रही थी। अमेरिका चाहता है कि ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम को सीमित करे, जबकि डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी दी थी कि ईरान ऐसी मिसाइलें विकसित कर रहा है जो अमेरिका तक मार करने में सक्षम हैं। वार्ता विफल होने की आशंका और संभावित हमले के डर से इजराइल ने इसे 'प्रिवेंटिव अटैक' करार दिया है ताकि दुश्मन को हमला करने से पहले ही कमजोर किया जा सके।

**खामेनेई और ईरानी नेतृत्व को बनाया गया निशाना** : हमले का सबसे संवेदनशील हिस्सा ईरानी सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के दफ्तर के पास हुआ धमाका है। हालांकि अभी यह पूरी तरह स्पष्ट नहीं है कि 86 वर्षीय खामेनेई हमले के वक्त वहां मौजूद थे या नहीं, लेकिन सुरक्षा कारणों से उन्हें सुरक्षित स्थान पर भेज दिया गया है। इजराइली रक्षा मंत्रालय ने पुष्टि की है कि उन्होंने ईरानी मंत्रालयों, राष्ट्रपति कार्यालय और शीर्ष नेतृत्व के ठिकानों को ही मुख्य रूप से लक्षित किया है।

**ईरान का एयरस्पेस बंद और इजराइल में हाई अलर्ट** : हमले के तुरंत बाद ईरान ने अपनी सभी उड़ानें रोक दी हैं और पूरे एयरस्पेस को खाली करा लिया गया है। दूसरी ओर, इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने पूरे देश में 'विशेष और स्थायी आपातकाल की स्थिति' घोषित कर दी है। इजराइल में सभी स्कूलों को बंद कर दिया गया है और नागरिकों को घरों से काम करने तथा मिसाइल और ड्रोन हमलों की आशंका के बीच सुरक्षित स्थानों पर जाने की सख्त सलाह दी गई है।

**वैश्विक तनाव और युद्ध की आशंका** : अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस हमले से पहले ही ईरान को चारों तरफ से घेरने की सैन्य योजना बना ली थी। हमले से ठीक पहले शुक्रवार को अमेरिका ने अपने नागरिकों को तुरंत इजराइल छोड़ने का आदेश दिया था। वर्तमान में इजराइल की सीमा पर भी एयर अटैक सायरन बज रहे हैं और संवेदनशील इलाकों को खाली कराया जा रहा है। यह संघर्ष अब एक बड़े क्षेत्रीय युद्ध में तब्दील होता दिख रहा है, जिससे वैश्विक शांति को बड़ा खतरा पैदा हो गया है।

***सौम्या चौरसिया को शराब घोटाले में...***

जिसके बाद स्पेशल कोर्ट ने उन्हें जेल भेज दिया था। तब से वे जेल में बंद थी। 30 मई 2025 को कोल लेवी घोटाला और डीएमएफ घोटाला मामले में सौम्या चौरसिया समेत 6 आरोपियों को सुप्रीम कोर्ट ने सशर्त जमानत दी थी। इसके बाद आरोपी रायपुर के सेंट्रल जेल से रिहा हो गए, जिसमें निलंबित आईएएस रानू साहू, समीर बिश्नोई भी शामिल थे। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस दीपांकर दत्ता की डबल बेंच ने जमानत याचिका पर सुनवाई की थी। जस्टिस सूर्यकांत ने सभी आरोपियों को गवाहों को प्रभावित करने की आशंका के चलते छत्तीसगढ़ में रहने पर पाबंदी लगाई थी। कोर्ट ने कहा था कि जिस जगह पर रहेंगे उनका एड्रेस संबंधित थाने को देना होगा। सभी आरोपी लगभग 2 साल से जेल में बंद थे। सौम्या चौरसिया दिसंबर 2022 में गिरफ्तार हुई थी। जानकारी के मुताबिक जमानत पर रिहा होने के बाद सौम्या बेंगलुरु में रह रही थी।

***रायपुर में ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा गिरोह....***

गिरफ्तार आरोपियों में ऋषभ देव पाहुजा, पीयूष जैन, जितेन्द्र कुमार कृपलानी उर्फ जित्तू, दीपक अग्रवाल, कमल राघवानी और सचिन जैन आदि है। जब्त संपत्तियों में नगद राशि 37.50 लाख रुपए, 2 महिंद्रा थार और 1 नेक्सा एक्सएल कार, 10 आधुनिक स्मार्टफोन, कुल मूल्य लगभग 92.50 लाख रुपए जप्त है। गंज थाना पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 7 और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 112(2) के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि ऑनलाइन सट्टा नेटवर्क की जांच जारी है और आरोपियों के डिजिटल लेन-देन खंगाले जा रहे हैं। आने वाले दिनों में और भी बड़े ऑनलाइन सट्टा और अवैध गतिविधियों के खिलाफ राजधानी पुलिस का अभियान निरंतर जारी रहेगा। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

# छुरिया विकासखंड के 34392 कृषकों के बैंक खाते में 119.8779 करोड़ रु. की राशि का किया गया भुगतान



**छुरिया में विकासखंड स्तरीय कृषक उन्नति योजना अंतर्गत आदान सहायता राशि वितरण एवं वृहद किसान सम्मेलन का हुआ आयोजन**

राजनांदगांव (दावा)। कृषक उन्नति योजना अंतर्गत आदान सहायता राशि वितरण एवं वृहद किसान सम्मेलन कार्यक्रम के तहत छुरिया विकासखंड के सामुदायिक भवन जनपद पंचायत छुरिया में विकासखंड स्तरीय कृषक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कृषक उन्नति योजना अंतर्गत छुरिया विकासखंड के 34392 कृषकों के बैंक खाते में 119.8779 करोड़ रूपए की राशि का भुगतान किया गया। कार्यक्रम में खरीफ वर्ष 2025 में समिति में धान विक्रय करने वाले अधिकतम एवं न्यूनतम रकबा वाले कृषकों तथा ग्रीष्मकालीन धान के बदले अन्य फसल लेने वाले कृषकों और उन्नतशील कृषकों को शॉल-श्रीफल व प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ग्राम जोशिलमती के कृषक श्री यादव राम साहू ने प्राकृतिक खेती के संबंध में अपने अनुभव साझा किया और उपस्थित कृषकों को प्राकृतिक खेती को अपनाने के लिए प्रेरित किया। ग्राम केशाल के कृषक उमाशंकर चंद्रवंशी ने जैविक खेती के संबंध में अपना अनुभव साझा किया। साथ ही कृषक उन्नति योजना अंतर्गत ग्राम बापूटोला के कृषक कलीराम धनकर को 785720 रूपए का चेक प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव, जनपद पंचायत अध्यक्ष संजय सिन्हा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता साहू, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती बिरम बाई मंडावी एवं गोपाल सिंह भुआर्य, सभापति श्रीमती उत्तरा बाई निषाद, जनपद सदस्य उभेराम मंडावी, रेखाबाई गंधर्व, चुनिया बाई कंवर, सुनीता सेवता, राधिका बाई चंद्रवंशी, भान बाई मंडावी, लक्ष्मी बाई मंडावी, भारती देवांगन, खिलेश्वर साहू, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत छुरिया होरीलाल साहू, सहायक संचालक कृषि संध्या कोचरे, तहसीलदार आकांक्षा साहू, प्रबंधक जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के शाखा छुरिया एवं गैंदाटोला, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी जीपी सहाडे, समिति प्रबंधक, कृषि सखी, किसान संगवारी, विभागीय कृषि अधिकारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी सहित बड़ी संख्या में कृषक उपस्थित थे।

# अंधेरे में डूबा शहर, बढ़ते हादसों पर कांग्रेस का कैंडल मार्च



भाजपा सरकार और नगर पालिका पर लापरवाही का आरोप

खैरागढ़ (दावा)। नगर के प्रमुख मार्गो पर स्ट्रीट लाइटें बंद रहने से शहर अंधेरे में डूबा हुआ है। बीते दो महीनों में रात्रि के समय हुई भीषण सड़क दुर्घटनाओं और लगातार हो रही मौतों को लेकर शहर कांग्रेस कमेटी ने गुरुवार शाम अनोखा विरोध प्रदर्शन किया।

कांग्रेस ने भाजपा शासित नगर पालिका और प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़े करते हुए चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरुण भारद्वाज के नेतृत्व में सिविल लाइन स्थित पूर्व सांसद एवं पूर्व विधायक दिवंगत राजा देवव्रत सिंह की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर स्मरण करने के बाद दुर्गा चौक से कैंडल मार्च निकालते हुए कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट कार्यालय के सामने स्थित छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा तक पहुंचे।

यहां 20 वार्डों में व्याप्त अंधेरे के प्रतीक स्वरूप 20 कैंडल जलाकर सांकेतिक विरोध दर्ज कराया गया।

### नगर का 20 वार्ड अंधेरे में, जिम्मेदार कौन?

शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरुण भारद्वाज ने आरोप लगाया कि नगर के पूरे 20 वार्डों सहित स्टेट हाईवे पर भी स्ट्रीट लाइट व्यवस्था चरमरा गई है। रात के समय आम नागरिक, विशेषकर महिलाएं, खुद को असुरक्षित महसूस करती हैं। उन्होंने कहा कि लगातार हो रही दुर्घटनाएं और मौतें प्रशासन की उदासीनता का परिणाम हैं। उन्होंने नगर पालिका प्रशासन और भाजपा की नगर पालिका अध्यक्ष को सीधे तौर पर जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि जनता की सुरक्षा से अधिक भाजपा नेतृत्व को कमीशनखोरी की चिंता है। नगर की बुनियादी सुविधाओं की अनदेखी कर केवल राजनीति की जा रही है।

### रैली के दौरान ही हुआ हादसा

विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने भी भाजपा सरकार और नगर पालिका प्रशासन पर तीखा हमला बोला। उन्होंने बताया कि कैंडल मार्च के दौरान ही अंधेरे के कारण एक मोटरसाइकिल सवार गाय से टकरा गया और बड़ी दुर्घटना होते-होते बची। उन्होंने कहा कि शहर में पहले भी कई हादसे हो चुके हैं, जिनमें लोगों की जान गई है। खराब प्रकाश व्यवस्था इन दुर्घटनाओं की बड़ी वजह बन रही है। भाजपा सरकार को राजनीतिक बयानबाजी से आगे बढ़कर जमीन पर काम करना चाहिए।

### प्रशासन को दी चेतावनी

कांग्रेस नेताओं ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही नगर के सभी 20 वार्डों और मुख्य मार्गों पर विद्युत व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई ,तो जनता के साथ मिलकर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। शहरवासियों ने भी मांग की है,कि नगर पालिका प्रशासन तत्काल बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत कर शहर में समुचित प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करे ताकि दुर्घटनाओं पर रोक लग सके और नागरिक सुरक्षित वातावरण में आवागमन कर सकें। कैण्डल मार्च में नगर पालिका परिषद के नेताप्रतिपक्ष व पार्षद दीपक देवांगन सहित एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# पुलिस टीम द्वारा पशु तस्करों के विरुद्ध की गई कार्यवाही



## 2 आरोपियों को 4 नग मवेशी के साथ किया गया गिरफ्तार

खैरागढ़ (दावा)। जिला केसीजी पुलिस टीम को थाना गातापार क्षेत्रान्तर्गत 25 फरवरी को पशु तस्करी करते हुए आरोपी सदाराम घोरमरे पिता तुलसीराम घोरमरे जाति बिझवार उम्र 60 साल ग्राम मनेरी तहसील लांजी, मोहन लाल पिता गुलाब पालेवार जाति बिझवार उम्र 60 साल ग्राम मनेरी तहसील लांजी को 4 नग मवेशी को खैरागढ़ की ओर से सड़क के रास्ते कत्लखाना ले जाते हुए चेक पोस्ट गातापार में 4 नग भैस को क्रूरता पूर्वक पैर एवं गला में रस्सी बांध कर बिना चारा पानी के लाठी डंडा से मारते हुए कत्लखाना नागपुर महाराष्ट्र ले जाते पाये जाने पर आरोपियों के कब्जे से एक नग भैस काला रंग सिंग सोर्री हल्का मुडा हुआ पुछ लंबा कमजोर, एक नग भैस भूरा रंग सिंग सोर्री पीछे की ओर पूछ लंबा, एवं एक नग भैस काला रंग सिंग सोर्री लम्बा पिछे की ओर मुढा हुआ पूछ लंबा, एक भैस भूरा रंग सिंग सोर्री लम्बा सीधा मुडा हुआ।

पीछे की ओर पूछ लंबा जुमला कीमती 30000 रू. जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार कर अपराध क्रमांक 17/2026 धारा 4, 6, 10 छग कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 एवं पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम 1960 का धारा-11 का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। विवेचना कार्यवाही उपरांत सभी गिरफ्तार आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश कर आदेशानुसार न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही में पुलिस टीम केसीजी का सराहनीय योगदान रहा।

# होली पर बालोद पुलिस अलर्ट : नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई तय



बालोद (दावा)। होली पर्व को शांतिपूर्ण और सुरक्षित बनाने के लिए बालोद पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। जिलेभर में विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है और प्रमुख चौक-चौराहों पर पुलिस बल की तैनाती बढ़ा दी गई है। पुलिस अधीक्षक (एसपी) ने सख्त संदेश देते हुए कहा है कि होली के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

नशे की हालत में वाहन चलाने, तेज रफ्तार, हुड़दंग और कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों के विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। एडिशनल एसपी ने बताया कि जिले के सभी थाना क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जा रही है। पेट्रोलिंग बढ़ा दी गई है और संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जा रही है, ताकि त्योहार के दौरान शांति व्यवस्था बनी रहे। यातायात प्रभारी रविशंकर पांडे ने स्पष्ट कहा, 'आपकी सुरक्षा ही हमारा पहला धर्म है। पुलिसकर्मी भी इंसान हैं, हमारा भी परिवार है। हम दिन-रात आपकी सुरक्षा में तैनात हैं। कृपया नशे में वाहन न चलाएं और ट्रैफिक नियमों का पालन करें।' जिले के सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्र में सख्त निगरानी रखने, असामाजिक तत्वों पर नजर बनाए रखने और त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। प्रत्येक थाना स्तर पर फ्लैग मार्च, पेट्रोलिंग और चेकिंग अभियान जारी रहेगा। पुलिस प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि होली को सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाएं, हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग करें, तेज रफ्तार से बचें और कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें। संदेश साफ है। नियमों का पालन करेंगे तो होली रंगीन और सुरक्षित रहेगी, नियम तोड़ेंगे तो कार्रवाई तय है।

# खैरागढ़ के छात्र गढ़ रहे सफलता के नए आयाम, बेटियों का नेतृत्व हर क्षेत्र में सराहनीय : विक्रांत सिंह

**रानी रश्मि देवी सिंह एवं नवीन कन्या महाविद्यालय का संयुक्त वार्षिकोत्सव संपन्न मेधावी छात्रों को मिला सम्मान, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां, महाविद्यालय को पीजी कॉलेज बनाने का मिला आश्वासन**



42वें स्थापना वर्ष में उपलब्धियों का अंबार

खैरागढ़ (दावा)। रानी रश्मि देवी सिंह शासकीय महाविद्यालय एवं नवीन शासकीय कन्या महाविद्यालय खैरागढ़ के संयुक्त तत्वाधान में गुरुवार 26 फरवरी को भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के कैंपस-2 ऑडिटोरियम में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत केसीजी उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह उपस्थित रहे।

### सपना बड़ा देखें और उसे साकार करने मेहनत करें : मुख्य अतिथि

छात्रों को प्रेरित करते हुए विक्रांत सिंह ने कहा कि अब समय बदल चुका है और हमारी बेटियां हर क्षेत्र में लड़कों से आगे निकलकर बेहतर नेतृत्व कर रही हैं। उन्होंने स्वामी विवेकानंद और एपीजे अब्दुल कलाम का उदाहरण देते हुए कहा, कॉलेज की लाइफ ही जीवन की दिशा तय करती है। छात्र अपना एक निश्चित लक्ष्य बनाएं और बड़े सपने देखें। बिना मेहनत और समय के प्रबंधन के सफलता संभव नहीं है। उन्होंने महाविद्यालय को पीजी (स्नातकोत्तर) कॉलेज का दर्जा दिलाने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उच्च शिक्षा मंत्री से मिलकर प्रयास करने का भरोसा दिलाया।

### विद्या ही जीवन की सबसे बड़ी शक्ति : घम्मन साहू

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू ने अपने छात्र जीवन की स्मृतियों को ताजा करते हुए कहा कि जिसके पास विद्या है। उसके पास सब कुछ है। उन्होंने छात्रों को अनुशासन में रहकर माता-पिता और गुरुजनों का नाम रोशन करने की सीख दी। विशिष्ट अतिथि नपा अध्यक्ष गिरजा नंद चंद्राकर ने भी शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए हर्ष जताया कि आज मंच पर मौजूद अधिकांश अतिथि इसी महाविद्यालय के पूर्व छात्र रहे हैं।

स्वागत भाषण में प्राचार्य डॉ. ओपी गुप्ता ने बताया कि महाविद्यालय अपने 42वें स्थापना वर्ष में है और यहां के छात्र देश-प्रदेश में खैरागढ़ का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने महाविद्यालय के विकास के लिए पीजी कॉलेज की मांग प्रमुखता से रखी। समारोह में साल भर की साहित्यिक, सांस्कृतिक और खेलकूद गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं के साथ ही कक्षा टॉपर्स को मेडल, स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने सामूहिक व एकल नृत्य, गीत और नाटकों की शानदार प्रस्तुतियां दीं, जिसने दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर जनभागीदारी समिति अध्यक्ष विकेश गुप्ता, मोनिका रजक, नीलिमा महेश गोस्वामी, कीर्ति वर्मा, आयश सिंह बोनी, घम्मन साहू, सतीश महला सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. यशपाल जंघेल, डॉ. उमेंद्र चंदेल, मनीषा नायक व बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. यशपाल जंघेल ने किया।

# ग्राम बेंलरगोदी में किसान संगोष्ठी कार्यक्रम में शामिल हुई जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव



छुरिया (दावा)। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने किसानों को किया प्रेरित, खेत में पहुंचकर चना व मक्का फसल का किया निरीक्षण छुरिया कृषि को लाभकारी एवं टिकाऊ बनाने के उद्देश्य से खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बेंलरगोदी में कृषि विभाग द्वारा आयोजित फसल चक्र परिवर्तन एवं किसान संगोष्ठी कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं।

कार्यक्रम के दौरान उन्होंने किसानों से सीधा संवाद कर फसल चक्र परिवर्तन के महत्व को विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा कि परंपरागत खेती के साथ-साथ वैज्ञानिक पद्धति अपनाते हुए मक्का एवं चना जैसी वैकल्पिक फसलों को शामिल करना समय की आवश्यकता है। जिससे भूमि की उर्वरता बनी रहे और किसानों की आय में वृद्धि हो सके।

इस अवसर पर श्रीमती वैष्णव स्वयं किसानों के खेतों में पहुंची और चना व मक्का की फसल का निरीक्षण कर उत्पादन की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने किसानों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि फसल चक्र परिवर्तन न केवल मिट्टी की सेहत सुधारता है, बल्कि जल संरक्षण और लागत में कमी लाने में भी सहायक है। किसान संगोष्ठी में उपस्थित कृषि अधिकारियों ने उन्नत बीज, आधुनिक तकनीक, उर्वरक प्रबंधन एवं कीट नियंत्रण के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। किसानों ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए नई पद्धतियों को अपनाने की प्रतिबद्धता जताई। श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने किसानों से आगामी सीजन में अधिक से अधिक क्षेत्र में मक्का एवं चना फसल लगाने का आह्वान करते हुए कहा कि प्रशासन एवं कृषि विभाग हर कदम पर किसानों के साथ खड़ा है। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि जनपद सदस्य चंद्रिका वर्मा, संरपंच सोनम मारावी, भाजपा मंडल गैंदाटोला उपाध्यक्ष कुमार साहू, लेखचंद वर्मा, कृषि विभाग के अधिकारी साहाडे सर, सुदेश पटेल एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। यह आयोजन क्षेत्र में कृषि नवाचार एवं आत्मनिर्भर किसान की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।

# होली पर्व पर जिले के सभी देशी-विदेशी मदिरा दुकानें, बार एवं अहाते रहेंगे बंद




खैरागढ़ (दावा)। होली पर्व के अवसर पर आगामी बुधवार 04 मार्च को जिले में पूर्ण शुष्क दिवस घोषित किया गया है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने इस संबंध में आदेश जारी करते हुए कहा कि, शासन के निर्देशानुसार पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में होली में शुष्क दिवस घोषित किया गया है।

इस आदेशानुसार जिले की सभी देशी एवं विदेशी मदिरा दुकानों, प्रीमियम विदेशी मदिरा दुकानों, कम्पोजिट दुकानों सहित एफ.एल.-3 बार तथा अहाते पूरी तरह बंद रहेंगे। इसमें केसीजी जिले के खैरागढ़, मुढ़ीपार, साल्हेवारा, जालबांधा, पैलीमेटा, छुईखदान, ठेलकाडीह और गण्डई क्षेत्र की मदिरा दुकानें, बार एवं अहाते शामिल हैं। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने स्पष्ट किया है कि, बुधवार 04 मार्च को मदिरा की बिक्री, क्रय-विक्रय एवं सेवन पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। इस अवधि में नियमों का उल्लंघन करने पर संबंधित दुकानों एवं बार के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है, कि आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें, ताकि होली के अवसर पर जिले में पूर्ण शांति, सद्भाव और अनुशासन का वातावरण बना रहे।

# बजट में कन्हारपुरी को मिली बड़ी सौगात, विकास कार्यो की स्वीकृति से क्षेत्र में हर्ष



पार्षद मोहनी भारती ने जताया आभार, सड़क चौड़ीकरण और निर्माण के लिए करोड़ों का प्रावधान

राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम वार्ड क्रमांक 34 कन्हारपुरी की पार्षद मोहनी युवराज भारती ने राज्य सरकार के हालिया बजट में कन्हारपुरी क्षेत्र के लिए की गई बड़ी घोषणाओं पर प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यह बजट क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांगों और जनप्रतिनिधियों के निरंतर प्रयासों की जीत है। पार्षद मोहनी ने बताया कि कन्हारपुरी की मूलभूत समस्याओं, विशेषकर सड़कों की जर्जर स्थिति और संकीर्णता को लेकर उन्होंने स्वयं और शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने शासन के समक्ष प्रमुखता से अपनी बात रखी थी। लगातार की गई इस पहल के सकारात्मक परिणाम अब बजट प्रावधानों के रूप में सामने आए हैं।

### बजट की मुख्य घोषणाएं

राज्य बजट में कन्हारपुरी और उससे सटे क्षेत्रों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए निम्नलिखित प्रमुख वित्तीय स्वीकृतियां दी गई हैं। जीई रोड से लखोली कबाड़ी दुकान तक सड़क चौड़ीकरण कार्य हेतु 1.50 करोड़ रुपये स्वीकृत, बायपास कन्हारपुरी से तिरंगा चौक तक सड़क चौड़ीकरण के लिए 65 लाख रुपये का प्रावधान, शहरी क्षेत्र में सड़क निर्माण हेतु राजनांदगांव के विभिन्न हिस्सों में 15 किलोमीटर सड़क निर्माण हेतु 1 करोड़ रुपये की राशि मंजूर।

### बदलेगा वार्ड का स्वरूप, यातायात होगा सुगम

पार्षद मोहनी युवराज भारती ने विश्वास जताया कि इन कार्यों के पूर्ण होने के बाद कन्हारपुरी क्षेत्र का नक्शा बदल जाएगा। उन्होंने कहा, ÷चौड़ी सड़कों के निर्माण से न केवल जाम की समस्या से मुक्ति मिलेगी, बल्कि स्थानीय व्यापार को भी गति मिलेगी। नागरिकों को सुरक्षित और सुगम आवागमन का लाभ मिलेगा। उन्होंने राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए दोहराया कि विकास की यह प्रक्रिया रुकनी नहीं चाहिए और उनका लक्ष्य कन्हारपुरी को एक आदर्श वार्ड के रूप में स्थापित करना है।

# सावधान! बिजली खंभों और ट्रांसफार्मर के नीचे न जलाएं होलिका, विभाग ने जारी की एडवायजरी



राजनांदगांव समेत चार जिलों के बिजली शिकायत केंद्र होली पर रहेंगे अलर्ट, कॉल सेंटर 1912 भी सक्रिय
रंगों की बौछार और बिजली लाइनों से छेड़छाड़ पड़ सकती है भारी, विभाग ने जारी किए आपातकालीन नंबर

राजनांदगांव (दावा)। होलिकोत्सव के दौरान बिजली दुर्घटनाओं को रोकने और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी ने कमर कस ली है। विद्युत कंपनी ने नागरिकों से विशेष सतर्कता बरतने की अपील करते हुए स्पष्ट किया है कि बिजली के बुनियादी ढांचे के निकट किसी भी प्रकार की लापरवाही जानलेवा साबित हो सकती है।

### इन बातों का रखें विशेष ध्यान

होलिका दहन : विद्युत उपकेन्द्रों, खंभों, लाइनों तथा ट्रांसफार्मरों के निकट होलिका दहन बिल्कुल न करें। आग की लपटों से तार पिघल सकते हैं और बड़ा हादसा हो सकता है। रंगों का उपयोग : बिजली की लाइनों और उपकरणों पर भूलकर भी रंगों की बौछार न करें। गीले रंगों से शॉर्ट सर्किट का खतरा ब? जाता है। बच्चों पर निगरानी : उत्सव के दौरान बच्चों पर विशेष नजर रखें कि वे बिजली लाइनों पर कोई वस्तु न फेंकें।

### छुट्टी के दिन भी तैनात रहेगा अमला

कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट ने बताया कि राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-चौकी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई और कबीरधाम जिलों में होली के अवकाश के बावजूद सभी शिकायत केंद्र और फ्यूज ऑफ कॉल सेंटर 24 घंटे क्रियाशील रहेंगे। किसी भी आकस्मिक दुर्घटना या बिजली बंद होने की स्थिति में उपभोक्ता 1912 पर हिंदी, अंग्रेजी या छत्तीसगढ़ी में शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इसके अलावा व्हाट्सएप नंबर 9425551912 और मोर बिजली एप की सुविधा भी उपलब्ध है।

### प्रमुख शिकायत केंद्रों के नंबर

शहर के उपभोक्ता तत्काल सहायता के लिए इन नंबरों पर कैलाश नगर : 07744-220251, 225115, लालबाग : 07744-222557, 62329-42848 संपर्क कर सकते हैं। विभाग ने चारों जिलों के सहायक और कनिष्ठ अभियंताओं के मोबाइल नंबर सार्वजनिक किए हैं ताकि किसी भी संकट की स्थिति में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लोग सीधे संबंधित अधिकारी से संपर्क कर सकें। राजनांदगांव वेस्ट जोन के लिए 79876-95332 और ईस्ट जोन के लिए 62329-41183 पर संपर्क किया जा सकता है।

# जाति प्रमाण पत्र हेतु 2000 की कट-ऑफ तिथि लागू करने की मांग, संभागयुक्त को सौंपा ज्ञापन



राज्यों के पुनर्गठन के बाद प्रमाण पत्र जारी करने में आ रही विसंगतियों को दूर करने की अपील
जाति प्रमाण पत्र संघर्ष मोर्चा और बौद्ध कल्याण समिति ने दुर्ग में की मुलाकात

राजनांदगांव (दावा)। राज्यों के पुनर्गठन के उपरांत अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के जाति प्रमाण पत्र जारी किए जाने के संबंध में जाती प्रमाण पत्र संघर्ष मोर्चा एवं बौद्ध कल्याण समिति राजनांदगांव के प्रतिनिधिमंडल ने 24 फरवरी को संभागयुक्त दुर्ग से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन के माध्यम से छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग (नियम शाखा), मंत्रालय के पत्र क्रमांक व्रष्ठ/5788/2025 नियम-3, नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 08/01/2026 तथा भारत सरकार सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के पत्र क्रमांक स्न-हश्र.-1207/3/2024-स्ष्ट, डॉ. आंबेडकर नगर नई दिल्ली, दिनांक 10/06/2025 का हवाला दिया गया। प्रतिनिधियों ने अवगत कराया कि छत्तीसगढ़ राज्य के संबंध में राष्ट्रपति द्वारा जारी अधिसूचना 1.11.2000 से प्रभावशील है (सलग्न-04)। इससे यह स्पष्ट होता है कि छत्तीसगढ़ राज्य में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति का प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु संबंधित व्यक्ति का 1.11.2000 की स्थिति में छत्तीसगढ़ राज्य का निवासी होना अनिवार्य है। अतः वर्ष 2000 की कट-ऑफ तिथि के आधार पर राज्य के सभी जिला दंडाधिकारियों को अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के जाति प्रमाण पत्र जारी करने के निर्देश देने का निवेदन किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से जाति प्रमाणपत्र संघर्ष मोर्चा के प्रदेश संयोजक रविन्द्र रामटेके, बौद्ध कल्याण समिति के अध्यक्ष राजू बारमाटे, डॉ. केएल टांडेकर, डीपी लोनहरे, दीपक कोटांगले, एमके ऊके, अमर सिंह वासनिक, किशोर, पीयूष ऊके, नीलेश ठावरे सहित बौद्ध कल्याण समिति राजनांदगांव एवं संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# ब्लाइंड मर्डर से इलाके में दहशत, रात के सन्नाटे में 85 वर्षीय बुजुर्ग की हत्या, गांव में फैली दहशत





**खैरागढ़ (दावा)।** गोपालपुर ग्राम में देर रात हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार ठेलकाडीह थाना अंतर्गत ग्राम गोपालपुर निवासी लेडगु राम वर्मा 85 वर्ष की उनके ही घर के अंदर हत्या कर दी गई। घटना की जानकारी सुबह परिजनों और ग्रामीणों को मिली जिसके बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही ठेलकाडीह पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक घटना देर रात की बताई जा रही है। हत्या के कारणों का अभी खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और हर एंगल से मामले की जांच में जुट गई है। गांव में घटना के बाद दहशत का माहौल है। प्रारंभिक जानकारी अनुसार अज्ञात हमलावार ने उनका गला घोटकर हत्या की है। मृतक के सिर पर चोट के निशान पाए गए हैं। जिससे आशंका जताई जा रही है कि वारदात को अंजाम देने से पहले या बाद में मृतक के साथ मारपीट की गई है। घटना देर रात की बताई जा रही है। उस समय मृतक लेडगू राम घर में अपने बहु और नाती-नातिन के साथ सोए हुए थे। सुबह जब परिजनों को घटना की जानकारी हुई तो गांव में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल पर मुआयना कर साक्ष्य जुटाने की कार्रवाई शुरू कर दी। हत्या किसने और किन परिस्थितियों में की गई यह अब तक रहस्य बना हुआ है।

# होली से पहले किसानों की दिवाली : राजनांदगांव के 1.24 लाख किसानों के खाते में पहुचे 454 करोड़ रुपए

### प्रभारी मंत्री गजेंद्र यादव ने कृषक उन्नति योजना के तहत अंतरित की राशि, बोले– साय सरकार यानी सुशासन की सरकार



राजनांदगांव (दावा)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज बिलासपुर जिले के बिल्हा विकासखंड से कृषक उन्नति योजना अंतर्गत आदान सहायता राशि वितरण एवं वृहद किसान सम्मेलन कार्यक्रम में शामिल हुए और कृषक उन्नति योजना अंतर्गत प्रदेश के 25 लाख 28 हजार से अधिक पंजीकृत धान एवं धान बीज उत्पादक किसानों को 10.324 करोड़ रूपए की राशि उनके खाते में अंतरित की। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में जिले के प्रभारी मंत्री एवं स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग एवं विधि-विधायी कार्य विभाग मंत्री गजेन्द्र यादव आज गांधी सभागार म्युनिसिपल स्कूल मैदान में आयोजित जिला स्तरीय कृषक उन्नति योजना अंतर्गत आदान सहायता राशि वितरण एवं वृहद किसान सम्मेलन में शामिल हुए। जिले के 124101 किसानों को 454 करोड़ 12 लाख रूपए से अधिक की राशि का भुगतान किया गया। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण वेब कॉस्ट के माध्यम से जिला एवं विकासखंड स्तर में आयोजित समारोह में किया गया। जिससे बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं किसान जुड़े रहे।

जिले के प्रभारी मंत्री एवं स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि राज्य शासन द्वारा होली त्योहार के अवसर पर कृषक उन्नति योजना के तहत प्रदेश के 25 लाख 28 हजार से अधिक किसानों को 10.324 करोड़ रूपए की राशि उनके खाते में अंतरित की जा रही है। जिसमें राजनांदगांव जिले के 124101 किसानों को 454 करोड़ 12 लाख रूपए से अधिक की राशि का भुगतान किया जा रहा है। उन्होंने होली के पर्व पर सभी किसानों को राशि प्राप्त होने पर बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार बनते ही पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया और कृषकों के हित में निर्णय लेते हुए किसानों को दो साल के बकाया बोनस लगभग 14 हजार करोड़ रूपए का भुगतान किया गया। शासन द्वारा समर्थन मूल्य एवं कृषक उन्नति योजना अंतर्गत प्रति क्विंटल 3100 रूपए की दर से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी की गई। इस तरह चार माह के भीतर 20 हजार करोड़ रूपए की राशि से किसानों को लाभान्वित किया गया। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 की धान खरीदी समाप्त होने के एक माह के भीतर कृषक उन्नति योजना के तहत प्रदेश के 25 लाख से अधिक किसानों को धान विक्रय की राशि का भुगतान कर दिया गया है, जो इस बात का प्रमाण है कि मुख्यमंत्री की सरकार सुशासन की सरकार है।

जिले के प्रभारी मंत्री एवं स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश की 70 लाख से अधिक महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रूपए की राशि का भुगतान समय पर किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि धान के बदले कोदो, कुटकी, रागी, सोयाबीन, गन्ना सहित अन्य फसल लेने वाले किसानों को प्रति एकड़ 10 हजार रूपए अंतरण की राशि प्रदान की जा रही है। छत्तीसगढ़ में सोयाबीन खेती की शुरूआत राजनांदगांव जिले से हुई थी। जिसका लाभ आज किसानों को मिल रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी खेती से किसानों की आय बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य कर रहे है। उन्होंने किसानों से भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लेने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि बाजार में मिलैट्स की मांग है। उन्होंने कहा कि जैविक खेती के उत्पाद स्वास्थ्य के लिए अच्छा माना जा रहा है। उन्होंने किसानों से अलसी, कोदो, कुटकी, रागी सहित अन्य पुरातन एवं जैविक खेती को अपनाने की अपील की। इस दौरान समिति में धान विक्रय करने वाले अधिकतम एवं न्यूनतम रकबा वाले कृषकों तथा ग्रीष्मकालीन धान के बदले अन्य फसल लेने वाले किसानों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष जनपद पंचायत राजनांदगांव श्रीमती प्रतिमा चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती देव कुमारी साहू, पूर्व सांसद प्रदीप गांधी, कोमल सिंह राजपूत, खूबचंद पारख, कलेक्टर जितेन्द्र यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

# महावीर स्वास्थ्य शिविर के पहले दिन उमड़ा जनसैलाब, 743 ने कराया निःशुल्क उपचार

### विशेषज्ञों ने दी परामर्श सेवा, जांच और दवाएं भी रहीं मुफ्त, आज भी जारी रहेगा शिविर



राजनांदगांव (दावा)। सदर बाजार स्थित जैन बगीचा में श्री जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक संघ राजनांदगांव एवं श्री जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक युवा मंडल के तत्वावधान में 28 फरवरी एवं 1 मार्च को दो दिवसीय महावीर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के पहले दिन आज 743 लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया। 28 फरवरी को शिविर का उद्घाटन 20 सूत्री कार्यक्रम के ऑनलाइन समिति के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष खूबचंद पारख एवं पूर्व महापौर नरेश डाकलिया, श्री जैन श्वेतांबर मूर्ति पूजक संघ के मैनेजिंग ट्रस्टी अजय सिंगी एवं ट्रस्टी जीवनचंद, ललित भंसाली, रोशन गोलछा के कर कमलों से हुआ।

शिविर में सुबह से बड़ी संख्या में मरीज पंजीयन के लिए पहुंचने लगे। शाम चार बजे तक लगातार जांच और परामर्श का सिलसिला चलता रहा।आयोजक श्री जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक युवा मंडल के पदाधिकारियों के अनुसार शिविर में बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. पुखराज बाफना, डॉ. विक्रम बैद ,डॉ. अनिमेष गांधी, डॉ. मयंक सुराना, एक्यूप्रेशर विशेषज्ञ डॉ. दीप नारायण शुक्ला, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. दिव्यांशी जैन एवं डॉ. निकिता जैन एवं डॉ. नीरजा, एमडी मेडिसिन डॉ. एच एल मोतीरमानी, डॉ. अर्पण जैन, पेट रोग विशेषज्ञ डॉ. विजय वाचच्चानी, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. गौरव जैन, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. श्रीकांत पारख, डॉ. प्रतिक लालवानी, डॉ. प्रशांत कोठारी, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. सार्थक बाफना एवं उदयाचल टीम, श्वसन चिकित्सा रोग विशेषज्ञ डॉ. चंद्रकांत उसेंडी, डॉ. वर्षा विश्वनाथ, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. गौरव जैन, त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. सुगंधा गांधी, डॉ. सिद्धार्थ गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों का परीक्षण किया और आवश्यक परामर्श भी दिया। मरीजों की प्राथमिक जांच के बाद दवाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई गई। कई जरूरतमंदों की ईसीजी व अन्य जांच भी शिविर में की गई। पहले ही दिन बड़ी संख्या में शुगर, बीपी और थायराइड से पीड़ित मरीज पहुंचे। इसके अलावा घुटनों और जोड़ों के दर्द, त्वचा संबंधी समस्या, महिलाओं की स्वास्थ्य समस्याएं तथा बच्चों के स्वास्थ्य परामर्श के लिए भी लोगों ने पंजीयन कराया।

आयोजकों ने बताया कि शिविर का उद्देश्य आमजन को विशेषज्ञ उपचार सुविधा निःशुल्क उपलब्ध कराना है, ताकि आर्थिक कारणों से कोई भी व्यक्ति उपचार से वंचित न रहे। पहले दिन की उल्लेखनीय उपस्थिति से स्पष्ट है कि शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविर को लेकर उत्साह है। शिविर का आयोजन रविवार 1 मार्च को भी सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक किया जाएगा। आयोजकों ने बताया कि रविवार के शिविर में उक्त डॉक्टरों के अलावा डॉ. एएस दीक्षित, डॉ एमके दिवाकर, डॉ. प्रकाश सदानी, डॉ. पारस सोनी, डॉ. आदित्य पारख एवं डॉ. चिन्मय डाकलिया की भी सेवाएं मिलेगी। आयोजकों ने अधिक से अधिक लोगों से शिविर में पहुंचकर स्वास्थ्य लाभ लेने की अपील की है।

# डामरीकृत सड़कों और बिजली के तारों के नीचे न जलाएं होली : महापौर मधुसूदन यादव की नागरिकों से विशेष अपील



राजनांदगांव (दावा)। महापौर मधुसूदन यादव ने नागरिकों से अपील की है कि होलिका दहन के लिए हरे-भरे पेड़, पौधों की कटायी नहीं की जानी चाहिए। बल्कि इसके लिए सुखी एवं बेकार पड़ी लकड़ी इस्तेमाल करना चाहिए। जिससे पर्यावरण को संरक्षण प्रदान किया जा सके। इसके साथ ही उन्होंने नागरिकों से होलिका दहन पक्की डामरीकृत सड़कों तथा विद्युत खंभो एवं तारों के नीचे नहीं करने की अपील की है। महापौर श्री यादव ने कहा है कि सड़कों पर होलिका दहन से सड़के खराब होगी। इसलिए खुली जगह व सड़क के किनारे होलिका दहन किया जाए। सड़क को खराब होने से बचाने निगम द्वारा होलिका दहन स्थल में मुरूम डालकर घेरा बनाया जा रहा है। उक्त स्थल पर ही होलिका दहन किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से बच्चों को होली के दिन जहरीले रासायनिक रंगों से बचने की सलाह दी है।

## 4 मार्च को बंद रहेगी मदिरा दुकानें

राजनांदगांव (दावा)। प्रभारी सहायक आयुक्त आबकारी ने बताया कि होली उत्सव पर 4 मार्च को मदिरा दुकानें बंद रहेगी। होली पर्व के अवसर पर अवैध मदिरा धारण, विक्रय, परिवहन पर रोकथाम के लिए जिले के समस्त कार्यपालिक स्टॉफ की ड्यूटी लगाई गयी है। इस दौरान जिले में कहीं भी अवैध मदिरा धारण, विक्रय, परिवहन के संबंध में तथा मदिरा दुकानों में अधिक दर पर मदिरा विक्रय की सूचना टोल फ्री नंबर 14405 तथा आबकारी उप निरीक्षक मुकेश वर्मा के मोबाईल नंबर 8412900180 पर दी जा सकती है। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा।


दैनिक दावा

मासिक बिल

माह- फरवरी 2026

| प्रति दिन | दर | राशि |
|---|---|---|
| 28 दिन | 4 रू. प्रति | 112/- |
| | योग | 112 रू. |

व्यवस्थापक





# साय सरकार की बजट में राजनांदगांव को मिली बड़ी सौगात



थीम संकल्प वाले बजट में समावेशी विकास, अधोसंरचना, निवेश और रोजगार पर फोकस, राजनांदगांव में होंगे एक हजार करोड़ के किए जाएंगे विकास कार्य

राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश के विष्णु देव साय सरकार के वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा प्रस्तुत थीम संकल्प वाले बजट के संबंध में नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने भाजपा कार्यालय में एक प्रेस वार्ता आयोजित कर बताया कि इस बजट में आम आदमी से लेकर आदिवासी तक की सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया है। उन्होंने संकल्प के एक -एक अक्षरों की व्याख्या करते हुए बताया कि इस सर्व हितैषी बजट में समावेशी विकास, अधोसंरचना, निवेश और रोजगार पर फोकस किया गया है। यह बजट, नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत-विकसित छत्तीसगढ़ विजन के अनुरूप है। उन्होंने बताया कि प्रदेश विकास के लिए 5 मुख्यमंत्री मिशन शुरू किए गए हैं। इस सर्व हितैषी बजट में राजनांदगांव को बड़ी सौगात दी गई है। जिसके चलते राजनांदगांव को स्वास्थ्य, शिक्षा खेल,व अन्य क्षेत्रों मे 1 हजार करोड़ रुपए रुपए के विकास कार्यो को गति मिलने जा रही है।

### बजट में राजनांदगांव को दी गई बड़ी सौगात

बता दें कि राजनांदगांव जिले के प्रतिनिधित्व कर्ता सांसद संतोष पाण्डे और विधायक के रुप में विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमनसिंह जी के प्रयासों से राजनांदगांव का विशेष ध्यान रखते हुए यहां के निवासियों के लिए बजट में बड़ी सौगात दी है। इस बजट में मुख्य रूप से डोंगरगढ़ जाने वाले सड़क मार्ग, स्टेडियम, मेडिकल कॉलेज और कई महत्वपूर्ण स्थानों का नवीनीकरण होना तय है वहीं कटघोरा रेल मार्ग भी राजनांदगांव डोंगरगढ़ के विकास में चार चांद लगाने वाला साबित होगा। प्रेसवार्ता में भाजपा के वरिष्ठ अमर ललवानी, तरुण लहरवानी, भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष चिंटू सोनकर आदि की उपस्थिति में भाजपा नेता संजय श्रीवास्तव ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत इस बजट में स्कूल शिक्षा के लिए सर्वाधिक 13.5 प्रतिशत बजट प्रावधान किया गया है। अबूझमाड़ और जगरगुंडा में दो एजुकेशन सिटी बनाई जाएंगी। सरकारी कर्मचारियों के लिए कैशलेस इलाज की व्यवस्था होगी।23 नए औद्योगिक पार्कों के लिए 250 करोड़ रुपए दिए गए हैं। मुख्यमंत्री आदर्श शहर समृद्धि योजना के लिए 200 करोड़ रुपए रखे गए हैं। भूमि विकास बैंक योजना हेतु 200 करोड़ रुपए का प्रावधान है। कृषि क्षेत्र के लिए 13,500 करोड़ रुपए का बजट रखा गया है। उन्होंने बताया कि होली त्योहार से पहले शनिवार को किसानों के हाथ में 3100 रुपए प्रति क्विंटल धान खरीदी की अंतर की राशि दी गई वहीं आगे भी उक्त अंतर राशि एकमुश्त प्रदान की जाएगी। प्रेस वार्ता में उन्होंने बस्तर और सरगुजा में खाद्य और कृषि उद्योगों के विकास हेतु 100 करोड़ रुपए। बकरी, सूअर व मधुमक्खी पालन को बढ़ावा, इंद्रावती नदी पर देवरगांव व मटनार बराज के लिए 2000 करोड़ से अधिक बजट है। माओवादी नक्सलियों से निपटने बस्तर फाइटर में 1500 नई भर्तियां, होमस्टे योजना के लिए 10 करोड़ रुपए, पांच नये मेडिकल कॉलेज के संचालन, हवाई सेवा विस्तार, मुख्यमंत्री बस सेवा व बस्तर-सरगुजा ओलंपिक्स के लिए प्रावधान, व्यापमं की दक्षता बढ़ाने हेतु बजट प्रावधान किया गया है। इसी तरह युवाओं के लिए युवा दर्शन योजना, लखपति दीदियों के भ्रमण हेतु भी बजट के प्रावधान किए गए हैं। श्रीवास्तव ने राज्य के महिला, पुरुष युवा किसान मजदूर सभी के लिए लाभदायक बजट के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी और उनकी टीम को बधाई दी है।


आवश्यकता है

दैनिक दावा अखबार में विज्ञापन/ मार्केटिंग कार्य एवं रात्रिकालीन हेल्पर व ड्रायवर हेतु कुशल एवं अनुभवी लड़के की आवश्यकता हैं। वेतन आकर्षक! संपर्क समय :- दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक।

संपर्क करें - दैनिक दावा कार्यालय
बल्देव बाग, राजनांदगांव, मो.- 93004-14726








स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक भाई बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देव बाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक भाई बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631, e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com